● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 97, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 14 मई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



सुक्खू सरकार का बिजली पर बंपर छूट 5

प्रेमानंद महराज से मिलने पहुंचे कोहली 6

## सेना के साहस को सलाम करने आदमपुर एयरबेस पहुंचे पीएम

### पाकिस्तान के झूठ का किया पर्दाफाश



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान और उसकी पनाह में पल रहे आतंकियों को सबक सिखाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पंजाब में आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने सेना के जवानों से मुलाकात की। जालंधर स्थित यह वही एयरबेस है, जिसे नुकसान पहुंचाने का फर्जी दावा पाकिस्तान ने किया था। हालांकि, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 11 मई की प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही इस दावे का खंडन कर दिया था। अब पीएम मोदी ने यहां पहुंचकर दुनिया के सामने पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा को बेनकाब कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक, आज सुबह-सुबह प्रधानमंत्री मोदी आदमपुर एयरबेस पहुंचे। उन्होंने वायु सेना के बहादुर जवानों से बातचीत भी की। इस दौरान वायुसेना के जवानों ने मौजूदा हालात के बारे में जानकारी दी। दौरे की कई तस्वीरें सामने आई हैं। इसमें एक तस्वीर में पीएम मोदी के पीछे भारतीय लड़ाकू विमान की तस्वीर दिखाई दे रही है और उसके ऊपर लिखा है- क्यों दुश्मनों के पायलट ठीक से सो नहीं पाते? प्रधानमंत्री मोदी वायु सेना के विमान से जालंधर स्थित एयरबेस पहुंचे। पीएम मोदी और सशस्त्र बलों के जवानों ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए। सभी का जोश इस बात की ओर इशारा कर रहा था कि ऑपरेशन सिंदूर 100 फीसदी सफल रहा और हमारी सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखा दिया है। इस दौरे से एक बात और साफ हो गई कि अगर प्रधानमंत्री मोदी का विमान इस एयरबेस पर उतर सकता है तो इसे खरोंच तक नहीं आई है। इस दौरे ने पाकिस्तान के नापाक चेहरे और झूठ की दुकान को दुनिया के सामने ला दिया है।

आदमपुर पहुंचकर पीएम मोदी के पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा को भी तहस नहस कर दिया है। दरअसल, पाकिस्तान ने फर्जी दावा किया था कि उसने भारत के सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाया। इसे लेकर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कहा था कि सिरसा और आदमपुर एयरबेस को नुकसान पहुंचाने के पाकिस्तानी दावे पूरी तरह से गलत हैं। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान इन एयरबेस की तस्वीरें भी दिखाई गईं थीं, जिनमें दिखाया गया कि वहां सबकुछ सामान्य है। ऐसे में पीएम मोदी के आदमपुर दौरे ने पाकिस्तान के झूठ की पोल पूरी दुनिया के सामने खोल दी है।

पीएम मोदी ने एयरबेस पहुंचकर यह दिखा दिया कि यह पूरी तरह से ऑपरेशनल है। आदमपुर एयरबेस भारत के लड़ाकू विमान मिग 29 का बेस है। एयरबेस पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ एयर चीफ मार्शल एपी सिंह भी थे। आदमपुर एयरबेस पाकिस्तान की सीमा के करीब स्थित है। इससे दुश्मन पर तेजी से प्रहार करने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने दौरे से जुड़ी कुछ तस्वीरें पीएम मोदी ने एक्स पर साझा की। उन्होंने लिखा, आज सुबह मैं वायुसेना स्टेशन आदमपुर गया और हमारे बहादुर वायु योद्धाओं और सैनिकों से मिला। साहस, दृढ़ संकल्प और निडरता के प्रतीक लोगों के साथ रहना एक बहुत ही विशेष अनुभव था। भारत हमारे सशस्त्र बलों के प्रति हमेशा आभारी है, जो हमारे देश के लिए वे सब कुछ करते हैं।

इससे पहले पीएम मोदी ने सोमवार को देश को संबोधित किया था। पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ चलाए गए भारत के ऑपरेशन सिंदूर के लिए उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों को जमकर सराहा था। उन्होंने कहा था कि बीते दिनों में हमने देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं, सशस्त्र बलों, हमारी खुफिया एजेंसियों, हमारे वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरह से सलाम करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया।

## जंगली हाथियों के प्रबंधन के लिए 47 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की योजना की स्वीकृति

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में मानव-हाथी द्वंद को कम करने और जंगली हाथियों के प्रबंधन के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 और वर्ष 2026-27 अर्थात आगामी 2 वर्षों सहित कुल 4 वर्षों (वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक) के लिए राशि 47 करोड़ 11 लाख 69 हजार रुपये की योजना क्रमांक 9854 की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गयी है।

योजना अंतर्गत हाथियों की सुरक्षा एवं अनुश्रवण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में कुल राशि रूपये एक करोड़ 52 लाख 54 हजार रूपये व्यय की गयी है। निर्णय अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना में राशि 20 करोड़ रूपये और वर्ष 2026-27 में 25 करोड़ 59 लाख 15 हजार रूपये का प्रावधान किया गया। इस तरह आगामी 2 वर्षों सहित कुल 4 वर्षों (वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक) के लिए योजना का आकार राशि 47 करोड़ 11 लाख 69 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के ऐसे संरक्षित क्षेत्र जहाँ हाथियों का आवागमन या उपस्थिति है उनमें एवं संरक्षित क्षेत्रों के बाहर जंगली हाथियों की सुरक्षा एवं अनुश्रवण, रहवास प्रबंधन तथा विकास के लिए योजना बनाई गयी है। जंगली हाथियों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम, वन्यजीव मानव द्वंद को रोकने के लिए विभिन्न संरचनाएं बनाई जाएंगी। ई-आई सर्विलेंस की स्थापना और संचालन किया जाएगा। वन्य-प्राणियों के रेस्क्यू और पुनर्वास के लिए कार्य किया जाएगा। योजना अंतर्गत प्रभावित क्षेत्रों में मानव-हाथी द्वंद से निपटने के लिए ग्रामीणों, वन विभाग और अन्य विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## भारत ने ट्रंप के दावे को नकारा

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद व्यापार पर नहीं हुई कोई बात : विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम को लेकर विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर पर हमें मध्यस्थता मंजूर नहीं है। पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। उन्होंने ट्रंप के दावे को नकारते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने की सहमति तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत हुई। इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारा लंबे समय से राष्ट्रीय रुख रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से हल करना होगा। इस नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लंबित मामला पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है। उन्होंने कहा कि जैसा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने पहले ही बताया है कि 10 मई को 15:35 बजे दोनों देशों के डीजीएमओ को फोन पर संघर्ष विराम को लेकर वार्ता हुई। इस वार्ता को लेकर विदेश मंत्रालय को 12.37 बजे पाकिस्तान उच्चायोग के जरिये सूचित किया गया। पाकिस्तान की आंतरिक तकनीकी दिक्कतों के चलते हॉटलाइन कनेक्ट होने में देरी हुई।

## विवादित बयान पर फंसे मंत्री विजय शाह

**भोपाल।** महू में जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की प्रवक्ता कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा संगठन ने सख्त नाराजगी जताई है। पार्टी आलाकमान ने तत्काल उन्हें भोपाल स्थित प्रदेश मुख्यालय तलब किया। संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और बाद में प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से मुलाकात कर शाह ने सफाई दी और खेद जताया। मीडिया से बातचीत में विजय शाह ने कहा कि उनका इरादा किसी का अपमान करने का नहीं था और यदि उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची हो तो वे कई बार माफी मांगने को तैयार हैं।

## शोपियां मुठभेड़ में लश्कर के तीन आतंकवादी ढेर



**जम्मू।** पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने लश्कर के तीन आतंकियों को मार गिराया है। मंगलवार को शोपियां में सेना ने बड़ा अभियान चलाया और सफलता हासिल की।

जानकारी के अनुसार, दक्षिण कश्मीर के शोपियां के शुकरू केलर इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई। मंगलवार की सुबह शोपियां जिले में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के दहशतगर्दों को घेरा। दोनों तरफ से फायरिंग हुई। सुरक्षाबलों ने पहले मुठभेड़ में एक आतंकी को ढेर कर दिया। इसके बाद कुछ समय बाद ही दो और आतंकियों को भी मार गिराने में सफलता हासिल की है। आपको बता दें कि पहलगाम हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकियों की तलाश में सुरक्षाबलों ने लगातार अभियान चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत शोपियां के शुकरू केलर इलाके में आतंकियों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान लश्कर के आतंकियों से सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हो गई। हालांकि मुठभेड़ में मारे गए आतंकी पहलगाम में हमला करने वाले आतंकी नहीं हैं।

## मुख्यमंत्री का पचमढ़ी के नागरिकों ने माना आभार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विधायक पिपरिया श्री ठाकुरदास नागवंशी के नेतृत्व में पचमढ़ीवासियों ने मंत्रालय में भेंट की। उन्होंने पचमढ़ी नगर की नजूल भूमि को अभयारण्य की सीमा से पृथक करने के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुष्प-गुच्छ और पुष्पहार से अभिवादन किया। इस अवसर पर पूर्व साडा अध्यक्ष श्री कमल धूत और श्री नवनीत नागपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि साथ थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में 6 मई को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया था।

## जस्टिस गवई सुप्रीम कोर्ट के मूल्यों को कायम रखेंगे

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय में अपने अंतिम दिन मिली भरपूर प्रशंसा से अभिभूत भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मंगलवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि उनके उत्तराधिकारी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई सर्वोच्च न्यायालय के मूल्यों, मौलिक अधिकारों और बुनियादी संवैधानिक सिद्धांतों को कायम रखेंगे। यह एक ऐतिहासिक क्षण था, जिसमें संजीव खन्ना और बीआर गवई के साथ न्यायमूर्ति संजय कुमार भी मौजूद थे। यह अवसर सिर्फ न्यायमूर्ति खन्ना की योगदान को ही नहीं, बल्कि उनके चाचा, पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज न्यायमूर्ति एच. आर. खन्ना की विरासत को भी सम्मानित करने का था। न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायमूर्ति गवई को अपने सबसे बड़े सहायक के रूप में संबोधित करते हुए कहा, हम दोनों एक ही वर्ष में ऊंचे पदों पर नियुक्त हुए थे। हम कई बार एक साथ चर्चा कर चुके हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि वे इस संस्थान को मजबूत बनाएंगे और मौलिक अधिकारों के साथ-साथ हमारे संविधानिक सिद्धांतों को कायम रखेंगे।

## चार दिवसीय मध्य पूर्व दौरे पर रियाद पहुंचे ट्रंप

### युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने किया स्वागत



**रियाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने चार दिवसीय मध्य पूर्व के दौरे पर पहले पड़ाव पर मंगलवार को सऊदी अरब पहुंचे। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने राष्ट्रपति ट्रंप का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। सऊदी अरब दौरे में राष्ट्रपति ट्रंप, सऊदी युवराज के साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम, गाजा युद्ध को समाप्त कराने और तेल की कीमतों समेत कई अन्य मुद्दों पर बात कर सकते हैं। सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने राष्ट्रपति ट्रंप के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया है। ट्रंप, यूएस-सऊदी निवेश सम्मेलन में भी शिरकत करेंगे। बुधवार को ट्रंप खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्यों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। इस परिषद में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सदस्य देश हैं। डोनाल्ड ट्रंप ऊर्जा कीमतों को कम रखना चाहते हैं ताकि अमेरिकी लोगों के लिए महंगाई को नियंत्रित रखा जा सके। ट्रंप की मदद के लिए तेल उत्पादक देशों ने पहले ही अपना तेल उत्पादन बढ़ा दिया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें कम हुई हैं। हालांकि सऊदी अरब समेत कई ओपेक देशों की अर्थव्यवस्था तेल पर ही निर्भर करती है। ऐसे में तेल की कीमतें कम होने से इन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 64.77 डॉलर प्रति बैरल है। सऊदी अरब द्वारा अमेरिका में भारी निवेश का वादा किया गया है। यही वजह है कि ट्रंप अपने मध्य पूर्व दौरे पर सबसे पहले सऊदी अरब पहुंचे हैं। ट्रंप सऊदी अरब के अलावा कतर और संयुक्त अरब अमीरात का भी दौरा करेंगे। गौरतलब है कि इन तीनों ही देशों में ट्रंप की रियल एस्टेट कंपनी ट्रंप ऑर्गेनाइजेशन रियल एस्टेट प्रोजेक्ट बना रही है।

## शोपियां के कई इलाकों में लगे पाकिस्तानी आतंकियों के पोस्टर

### एजेंसियों ने रखा 20 लाख का इनाम

**जम्मू।** पहलगाम आतंकी हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकियों के शोपियां जिले के कई इलाकों में पोस्टर लगाए गए हैं। आतंकियों की सूचना सुरक्षा बलों को देने वाले को 20 लाख का इनाम भी दिया जाएगा। तीनों पाकिस्तानी आतंकियों की तलाश तेज कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों के सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगाए गए हैं। एजेंसियों ने आतंकियों के पोस्टर जारी किए हैं। आतंकियों का सुराग देने पर 20 लाख का इनाम भी घोषित किया गया है। पोस्टर के जरिए आतंकियों की जानकारी मांगी गई है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी। 26 मृतकों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जबकि दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं।

## समय से पहले मानसून ने अंडमान-निकोबार और बंगाल की खाड़ी में दी दस्तक

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विभान ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने मंगलवार को अंडमान-निकोबार द्वीप, दक्षिण बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में समय से पहले दस्तक दी है। जहां पिछले दो दिनों से निकोबार द्वीपों में हल्की से भारी बारिश हो रही है। साथ ही इलाके में तेज पश्चिमी हवाएं चल रही हैं और घने बादल भी बने हुए रहे हैं, जिसके बाद इन सब संकेतों से मौसम विभाग ने इसे मानसून की शुरुआत घोषित की है। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर में पश्चिमी हवाओं की ताकत और गहराई बढ़ गई है।

## अमृतसर में जहरीली शराब से 17 की मौत

### सीएम मान पहुंचे, पीड़ित परिवारों को 10 लाख का मुआवजा देने का एलान

**अमृतसर।** पंजाब के मजीठा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जहरीली शराब से 17 लोगों की मौत हो गई। यह पंजाब में तीन साल में चौथी बड़ी जहरीली शराब त्रासदी है।

मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान दोपहर बाद मजीठा पहुंचे और पीड़ित परिवारों के साथ मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को 10 लख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। साथ ही परिवार के बच्चों की पढ़ाई ओर अन्य सुविधाओं का ध्यान रखने का भी वायदा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में अभी तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं जांच के दौरान पता चला है कि ऑनलाइन 600 किलो मेथेनॉल मंगवाई गई थी, जिसके जरिए यह शराब तैयार की गई थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने का काम भी जारी है। उन्हें बताया कि यह मेथेनॉल दिल्ली से मंगवाई गई थी, इसलिए जिन लोगों से इसकी सप्लाई आ रही थी उनको पकड़ने के लिए भी टीम में दिल्ली भेजी हुई है। जल्द ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में एक्साइज और पुलिस के इंस्पेक्टर्स को भी सस्पेंड किया गया है और इन लोगों के पीछे किसी राजनीति या अन्य बड़े लोगों का हाथ था, उनका अभी पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## रक्षा मंत्री ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए की अहम बैठक



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पाकिस्तान सीमा से लगे इलाकों की सुरक्षा स्थिति की गहन समीक्षा की। इस अहम बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक बैठक में पश्चिमी सीमा की मौजूदा सुरक्षा स्थिति और उससे जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तरफ से यह समीक्षा ऐसे समय पर हुई है जब सीमावर्ती क्षेत्रों में गतिविधियों को लेकर सतर्कता बढ़ाई जा रही है। बैठक का उद्देश्य देश की सीमाओं की सुरक्षा को और मजबूत बनाना और संभावित खतरों से निपटने की तैयारियों का जायजा लेना था। भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के बाद बीते 10 मई को शाम पांच बजे पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने संघर्ष विराम पर सहमति जताई। भारत से शिकस्त मिलने के बाद आतंकियों का पनाहगाह पाकिस्तान अपने घुटने पर आया और तनाव रोकने की भीख मांगने लगा। हालांकि भारत ने अपने शर्तों के आधार पर ही संघर्ष विराम पर सहमति जताई है। इसके साथ ही भारत ने पड़ोसी को सख्त चेतावनी देते हुए इस बात पर जोर दिया कि किसी भी प्रकार की आतंकी घटना या गतिविधि जंग की शुरुआत मानी जाएगी। गौरतलब है कि 6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। इतना ही नहीं भारतीय सेना के इस कार्रवाई में आतंकी मसूद अजहर के परिवार के दस लोगों की मौत हो गई।

भारत का ये ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले के जवाबी कार्रवाई के तौर पर था। बीते 22 अप्रैल मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी।

# शौक पूरा करने करते थे बाइक चोरी, 20 बाइक समेत गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार

## एसपी ने बाइक चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, बाइक खरीदने वाले भी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** कोतवाली पुलिस को बाइक चोरी गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी की 20 बाइक बरामद किया है। जब तक बाइकों की कीमत 25 लाख बताई जा रही। पकड़े गए आरोपों में दो नाबालिक है। एसपी मनीष खत्री ने मंगलवार को खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को उस समय सफलता मिली जब पुलिस महिला संबंधी अपराधों की जांच कर रही थी।

एसपी मनीष खत्री ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि महिला संबंधी अपराध में जिन बाइकों का इस्तेमाल किया गया था वह चोरी की थी। महिला अपराध में पुलिस को पूछताछ में दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के संबंध में जानकारी मिली। गिरोह के सदस्य अपने शौक को पूरा करने के लिए भीड़भाड़ इलाकों से बाईक चोरी करते थे। एसपी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर को टीम गठित कर गिरोह के आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गई मोटर सायकलों की बरामदगी के निर्देश दिये गये। गठित दो टीमों ने आरोपियों व अपचारी बालकों से गहन पूछताछ की गई। जहां चोरों ने अपने अन्य साथी सोनू कुमार साकेत निवासी करैला थाना मोरवा और शनि कुमार साकेत निवासी जरहां थाना माडा के साथ शहर बैढ़न के अलग अलग स्थानों से मोटर साइकल चोरी करने की बात कबूल की। वहीं पुलिस ने चोरों के कब्जे से 20 मोटर साइकिल भी बरामद किया। जिसकी बाजार में कीमत करीब 25 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर न्यायालय से पुलिस अभिरक्षा में लेकर बारीकी से पूछताछ की गई जो सात मोटर साइकिलों को बेच देने जबकि 13 मोटर साइकिलों को छुपा कर रखने की बात बताई। उक्त कार्यवाही मे निरी अशोक सिंह परिहार, उनि उदयचंद करिहार, उनि संदीप नामदेव, विनोद सिंह, अरविंद द्विवेदी, पप्पू सिंह, उमेश द्विवेदी, अशोक सिंह, प्रआर जितेन्द्र सेंगर, संजीत सिंह, कुलदीप शर्मा, अजीत सिंह, राजबहोर प्रजापति, आरक्षक अभिमन्यु उपाध्याय सहित अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका रही।



### बेच देते थे चोरी की बाइक

चोरो ने बताया कि चोरी की मोटर साइकलों को कुछ स्वयं उपयोग करते थे तथा कुछ मोटर साइकलों को बिक्री कर दिए थे।? वहीं कुछ मोटर साइकिलों को सोनू व शनि कुमार साकेत ने छिपाकर रखे हुए थे। सोनू कुमार साकेत व शनि कुमार साकेत ने बताया कि सात मोटर साइकिलों को राहुल साकेत, संजू साकेत, अंजनी साकेत व देवलाल साकेत को सस्ते दरों पर बेच दिये है जबकि बाकी मोटर साइकिलों को छिपाकर रखना बताये।

### शौक पूरा करने के लिए चोरी करते थे बाइक

आरोपियों एवं अपचारी बालक अपने शौक पूरा करने के लिए नई बाइकों की चोरी करते थे। गिरोह बैढ़न शहर के भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे ट्रामा सेंटर, सब्जी मण्डी, मल्हार पार्क, न्यायालय परिसर के पास बैढ़न में खड़ी बिना लाक की हुई मोटर सायकलों को स्विच से टायरेक्ट स्टार्ट कर चोरी करते थे । चोरी करने के बाद मोटर सायकलों को सूनसान स्थानों में छिपाकर मोटर सायकलों के नंबर प्लेट निकालकर चेचिस नंबर घिस देते व ग्राहक ढूंढ़कर सस्ते दामों में बेचते थे।

# रैंप योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का जिला पंचायत सभागार में हुआ आयोजन

## उद्योगपतियों, उद्यमियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की योजनाओं से किया गया रुबरु

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा आज जिला पंचायत सभागार, में भारत सरकार की रैंप योजना, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की एमएसएमई विकास नीति 2025 मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति 2025, लीन, आई.पी.आर, जेड.ई.डी स्कीम पर कार्यशाला आयोजित की गयी ।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित उद्योगपतियों, उद्यमियों को नीति की जानकारी देकर उनके प्रश्नों का उत्तर दिया गया। रैंप योजना मुख्य उद्देश्य एमएसएमई को बाजार, वित्त और प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग में मदद करना है।



इस योजना के मुख्य उद्देश्य एमएसएमई को बाजार, वित्त और प्रौद्योगिकी तक बेहतर पहुंच प्रदान करना। यह योजना एमएसएमई को बाजार की जानकारी, वित्तीय सहायता और तकनीकी उन्नयन के लिए विभिन्न प्रकार के संसाधन उपलब्ध कराती है। यह योजना सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को विकसित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस कार्यक्रम से उद्योगपतियों तथा उद्यमियों को जिले में एमएसएमई के उत्तम विकास एवं सशक्तिकरण के लिये प्रेरित किया गया। इस कार्यशाला में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिंगरौली के महाप्रबंधक नवीन कुमार कुशवाहा, प्रबंधक प्रशान्त कुमार पाण्डेय, सहायक प्रबंधक अनंत लक्ष्मण वाकडे एवं राहुल जोहरे, उद्योगदीप वैढन के औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधि, रैंप एलयूएन के मुश्ताक अली, राजीव दलेला, उद्योगपति अभिनव दुबे सहित बड़ी संख्या उद्योगपतियों तथा उद्यमियों उपस्थित रहे।

# सासन पावर स्थित बुद्धा मंदिर में मनाया गया भव्य बुद्ध पूर्णिमा



**सिंगरौली।** सासन पावर लिमिटेड के अधिकारियों के सामूहिक पहल पर परियोजना के आवासीय परिसर तियरा टाउनशिप में स्थित बुद्धा मंदिर प्रांगण में 12 मई को बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ बुद्ध-पूर्णिमा' का महापर्व मनाया गया। यह पर्व वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है । वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि पर भगवान विष्णु के 9 वें अवतार भगवान गौतम बुद्ध के जीवन के तीन महत्वपूर्ण घटनाएँ एक ही तिथि पर रही हैं, जिसमें उनका जन्म, परमज्ञान एवं मोक्ष हुआ था । इस पावन दिवस पर विधि-विधान पूर्वक भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना, ध्यान किए। उसके बाद विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया। सम्पूर्ण प्रांगण का उपयोग एवं उपभोग स्थानीय लोगों के द्वारा की जाती है और वे इस अनुपम कार्य के लिए कम्पनी प्रबंधन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते थकते नहीं हैं, और इस क्षेत्र के विकास के लिए कम्पनी का अहम कदम मानते हैं ।

# एनसीएल में धूम धाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

सिंगरौली

सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) ने धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2025 मनाया गया। इस दौरान अधिकारी क्लब, सिंगरौली में केंद्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि तथा सीएमएस एनसीएल, डॉ. विवेक खरे, कृति महिला मण्डल उपाध्यक्षा, श्रीमती नम्रता कुमार, सीएमएस



(प्रभारी) केंद्रीय चिकित्सालय, सिंगरौली, डॉ. मंजरी मेहता, श्रमिक संघ प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित रहे।

इस दौरान अपने उद्बोधन में मनीष कुमार ने उपस्थित सभी को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएँ दीं एवं नर्सों को उनकी निस्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त उन्होनें उपस्थित सभी से अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच हुए अपनी शारीरिक और मानसिक सेहत का भी विशेष ध्यान रखने हेतु सुझाव दिया एवं सभी से कार्य के बीच थोड़ा समय निकालकर योग और मेडिटेशन जैसे गतिविधियों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने हेतु आह्वान किया.इस अवसर पर आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों - गीत, डांस, प्ले/स्कीट, मेडिकल अवेयरनेस स्पीच, कविता वाचन, फ़ैशन वॉक, सोलो डांस एवं गायन का आयोजन किया गया जिसमें हॉस्पिटल स्टाफ एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया।

# यातायात पुलिस ने यात्री बसों को किया चेक, कागजात में कमी मिलने पर की कार्यवाही

**सिंगरौली।** यातायात पुलिस ने मंगलवार को अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर सडको पर सरपट दौड़ रही यात्री बसों की जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान जिन बसों के कागजात सही नही पाए गए उन बसों पर चालानी कार्यवाही करते हुए कागजात चुस्त-दुरुस्त रखने यातायात प्रभारी दिपेन्द्र कुशवाह के द्वारा चालको व वाहन मालिको को निर्देशित किया गया। बताया गया कि पुलिस टीम



द्वारा अलग-अलग शहर के अमलोरी तिराहा एवं पुराना ट्रैफिक तिराहा, बस स्टैंड पर 53 यात्रियों बसों के दस्तावेज चेक के बाद समझाइश दी गई कि वाहनों के सभी दस्तावेज फिटनेस, परमिट, रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस, एवं प्रदूषण सर्टिफिकेट वैध होने चाहिए। वहीं चेकिंग के दौरान जिन यात्री बसों में मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधान अनुसार वाहनों में कमियां पाए जाने पर चलने कारवाई की गई है। उक्त कार्यवाही में आरक्षक संजीव कुमार, लक्ष्मण, धीरज, जितेंद्र, रूपेश अन्य यातायात पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

## चुरहट एवं रामपुर नैकिन में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार 13 मई, मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट एवं रामपुर नैकिन में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में समस्त शासकीय विभागों के स्थानीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया।

# जनसुनवाई में 94 लोगो ने कलेक्टर को सुनाई अपनी समस्या

**सिंगरौली।** जिले के विभिन्न अंचलो से आए 94 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर को अपना आवेदन पत्र देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्या को सुनकर विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही जिनका निराकरण नही हो पाया उनके आवेदनों को संबंधित



विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुए समय सीमा में निराकरण करे। जन सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोपद नदी के लौआर,कोरसर घाट पर बना पुल चालू होने में पट्टे की जमीन बनी रोड़ा

## नाव से नदी पार कर रहे लोगो में मायूसी का माहौल

**सिंगरौली।** गोपद नदी के लौआर कोरसर घाट पर बना पुल के चालू होने में अभी और इंतजार करना पडेंगा। पुल चालू होने में निजी पट्टेदारो की भूमि का अधिग्रहण नहीं होने से बाधा आ रहीं है। पुल से आगे मुख्य सडक् तक अप्रोच रोड के लिए भू-अर्जन की फाइल कलेक्ट्रेट धूल फांक रही है। जानकारी के अनुसार जिले के चितरंगी जनपद क्षेत्र के कोरसर और सिहावल जनपद के लौआर में गोपद नदी पर आवागमन सुगम बनाने विगत 4 वर्ष से पुल निर्माणाधीन है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोपद नदी पर पुल बनकर तैयार है लेकिन दोनों ओर से अप्रोच रोड नहीं बनने से अभी पुल चालू होने का और इंतजार करना पड़ेगा।



बताया जाता है कि अप्रोच रोड में निजी पट्टे की भूमि है। जिसे पट्टेदारो द्वारा मुआवजा को लेकर अप्रोच रोड नहीं बनाने दें रहें है। गोपद नदी पर बने इस पुल को अतिशीघ्र चालू कराने स्थानीय निवासी हेम प्रताप तिवारी एडवोकेट काफी सक्रियता दिखा रहें है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और जिले के जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात और वार्तालाप कर चूके है। उन्होंने जिले के कलेक्टर से भी गोपद नदी के कोरसर,लौआर घाट में बने पुल की अप्रोच रोड की वैधानिक प्रक्रिया अतिशीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है।

बताया जाता है कि अप्रोच रोड में बाधा बन रहीं निजी जमीन के अधिग्रहण में जिला प्रशासन की लेट लतीफ लोगो की चिंता बढ़ा दी है। जिससे स्थानीय लोगों में मायूसी का माहौल ह। बताया जाता है कि इस वर्षा काल में अभी लोगों को और इंतजार करना पड़ेगा।

# जनसुनवाई को गंभीरता से नहीं लें रहें जिले के अफसर

## पुकार करने के बाद भी नही मौजूद रहें जिम्मेदार

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश शासन की महत्वकांक्षी पहल प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई को जिले के अफसर गंभीरता से नहीं लें रहें है द्य जनसुनवाई में आये सम्बंधित विभागों के अफसरों की पुकार करने के बाद भी मौजूद नहीं पाये गए ।

आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 11 बजे से आमजन की समस्यायों की त्वरित निराकरण हेतु जनसुनवाई शुरू हुईं। जिसमे अपर कलेक्टर पीके सेनगुप्त, डिप्टी कलेक्टर संजीव पाण्डेय ने पीड़ित लोगों के आवेदनों पर सुनवाई के दौरान कई विभागों के अफसरों की पुकार की तो मौके से उस विभाग के सम्बंधित जिम्मेदार नदारत रहें। पहले तो नगर निगम की



पुकार की गई । लेकिन कोई मौजूद नहीं रहा । इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास से भी सुनवाई में कोई नहीं मौजूद था द्य डिप्टी कलेक्टर श्री पाण्डेय ने महाविद्यालय की एक छात्रा के आवेदन पर लीड कालेज बैढ़न के जिम्मेदार की पुकार की तो कोई मौजूद नहीं रहा द्य यही नहीं एक सामाजिक न्याय विभाग का आवेदन आया, जिसमे विभाग के जिम्मेदार की पुकार की गई लेकिन कोई जिम्मेदार मौजूद नहीं मिला द्य प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 बजे से जनसुनवाई में 13 मिनट से 42 मिनट की देर तक विभागों के जिम्मेदारो के आने का सिलसिला यू ही नहीं थमा। लगभग पवन घंटे तक अफसर आते रहें द्य डिप्टी कलेक्टर श्री पाण्डेय जिले में स्थित औद्योगिक कंपनियों अदानी पावर, जेपी निगरी, और रिलायंस पावर, एपीएमडीसी के प्रतिनिधियों के मौजूद होने के पुकार की गई, लेकिन किसी कंपनी का प्रतिनिधि मौजूद नहीं रहा।

### देर से आये कई विभाग प्रमुख

कलेक्ट्रेट सभागार में कई विभाग प्रमुखो में उद्यानिकी विभाग, नगर पालिक निगम सिंगरौलीं, लीड कालेज लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, सहकारिता समेत कई विभाग के जिम्मेदार शामिल है द्य जिससे सहज् अंदाजा लगाया जा सकता है कि मध्यप्रदेश शासन की महत्वकांक्षी जनसुनवाई को कितनी गंभीरता से लें रहें है।

## संपादकीय

### भारत की जीत

युद्ध के बिल्कुल करीब पहुंच चुके भारत और पाकिस्तान के बीच भले समझौता हो गया हो, लेकिन आतंकवाद के खिलाफ जंग जारी रहेगी। फिर भी, समझौते तक भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये काफी कुछ हासिल किया, जिनमें से ये सात बातें काफी मायने रखती हैं। पहली बात यह कि भारत ने बदला तो उरी और पुलवामा का भी लिया था, लेकिन इस बार स्ट्राइक ज्यादा तीव्र और घातक रही। भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर ही नहीं, पाकिस्तान के पंजाब तक में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें 140 आतंकवादी मारे गए। दूसरी, भारत-पाकिस्तान मामले में यह डर हमेशा से रहता है कि दोनों परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र हैं और इनके बीच का टकराव परमाणु युद्ध तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान ने इस नैरेटिव को दुनिया में खूब बेचा और फायदा भी उठाया। लेकिन, पिछले एक दशक में इसमें बदलाव आया है। अब भारत स्पष्ट और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने से भी नहीं हिचकता। इस बार सौ किमी अंदर तक घुसकर उसने एक नया ट्रेंड सेट किया। तीसरी, भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर रखा है। यह बात इसलिए अहम है, क्योंकि 1971 और कारगिल वॉर के दौरान भी संधि जारी रही थी। पिछले कुछ साल से भारत इस संधि को रिव्यू करने की बात कह रहा है। पानी के जरिये भारत ने पड़ोसी देश पर बड़ी कूटनीतिक बढ़त हासिल की है। चौथी, अभी तक भारत की कोशिश यह भी होती थी कि पाकिस्तान को सबूत सौंपकर रास्ते पर लाने की कोशिश की जाए, उस पर इंटरनैशनल कम्युनिटी का प्रेशर बनाया जाए। नई दिल्ली ने प्रेशर तो बनाया, लेकिन साथ में खुद एक्शन लेकर बताया कि उसके पास और भी विकल्प हैं। पांचवीं, अब से हर आतंकी हमला एक्ट ऑफ वॉर माना जाएगा और यह पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ी चेतावनी है। पाकिस्तान को इसके बाद अपने यहां के आतंकवादियों को कंट्रोल करना पड़ेगा। अगर वह ऐसा नहीं करता है तो भारत ने संकेत दिया है कि वह आगे भी पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगा।

**हम उदासी को अपराधबोध समझ बैठते हैं, और कभी-कभी अपराधबोध को 'प्यार' मान बैठते हैं। यही भ्रम मानसिक पीड़ा का कारण बनते हैं। जब मन में स्पष्टता नहीं होती, तो - हम ग़लत निर्णय लेते हैं, गलत संबंधों में टिके रहते हैं। अपने दुख का असली कारण पहचान नहीं पाते। भीतर से टूटते जाते हैं, पर बाहर मुस्कराते रहते हैं और धीरे-धीरे, हमारा व्यक्तित्व एक ऐसा मुखौटा बन जाता है, जो भीतर के सत्य से बिल्कुल अलग होता है। स्पष्टता क्यों इतनी दुर्लभ हो गई है? बचपन से ही हमें सिखाया गया - रोना नहीं चाहिए, गुस्सा बुरा है, कमज़ोर मत बनो। हमारी भावनाओं को दबाया गया या उन्हें जज किया गया।**

# ज़िंदगी को समझने के लिए अपनी भावनाओं को समझो

(सुंदरचंद ठाकुर)

हम अपने जीवन में क्या चाहते हैं? ज़्यादातर लोग इस प्रश्न का उत्तर पैसे, संबंध, सफलता या सम्मान के रूप में देते हैं। पर अगर थोड़ी देर शांत होकर, भीतर झाँककर सोचा जाए, तो एक यह उत्तर भी उभरकर आता है - 'मैं हल्का और शांत महसूस करना चाहता हूँ।' मनुष्य की सबसे गहरी इच्छा है - भीतर की स्थिरता और स्पष्टता। पर विडंबना यह है कि अधिकतर लोग अपने जीवन में भावनात्मक रूप से इतने उलझे हुए होते हैं कि उन्हें यह भी स्पष्ट नहीं होता कि वे क्या महसूस कर रहे हैं - और क्यों। क्या आप जानते हैं कि आप वास्तव में क्या महसूस कर रहे हैं? बहुत बार हम कह देते हैं - मुझे अच्छा नहीं लग रहा, मेरा मन उदास है, कुछ समझ नहीं आ रहा। पर यदि पूछा जाए - क्यों? तो उत्तर अस्पष्ट होता है। क्यों? क्योंकि हमारे भीतर भावनाओं की एक गहरी परत होती है, जिसे हम देखने, पहचानने और समझने का अभ्यास ही नहीं करते।

हम गुस्से को ग़लती से थकान समझ बैठते हैं, या थकान को ग़लती से अवसाद समझ लेते हैं। हम उदासी को अपराधबोध समझ बैठते हैं, और कभी-कभी अपराधबोध को 'प्यार' मान बैठते हैं। यही भ्रम मानसिक पीड़ा का कारण बनते हैं। जब मन में स्पष्टता नहीं होती, तो - हम ग़लत निर्णय लेते हैं, गलत संबंधों में टिके रहते हैं। अपने दुख का असली कारण पहचान नहीं पाते। भीतर से टूटते जाते हैं, पर बाहर मुस्कराते रहते हैं और धीरे-धीरे, हमारा व्यक्तित्व एक ऐसा मुखौटा बन जाता है, जो भीतर के सत्य से बिल्कुल अलग होता है।

स्पष्टता क्यों इतनी दुर्लभ हो गई है? बचपन से ही हमें सिखाया गया - रोना नहीं चाहिए, गुस्सा बुरा है, कमज़ोर मत बनो। हमारी भावनाओं को दबाया गया या उन्हें जज किया गया। हमने अपने मन को 'ठीक' दिखने के लिए ट्रेन किया, पर 'सच' देखने की कला खो दी। धीरे-धीरे मन में धुंध भरती गई, और हम खुद से दूर होते चले गए।

भावनात्मक स्पष्टता क्या है? यह कोई तकनीकी प्रक्रिया नहीं है। यह है - अपने भीतर उठती हर भावना को बिना डर, बिना मूल्यांकन, केवल देख पाना। यह समझना कि - मैं दुखी हूँ, क्योंकि मेरी अपेक्षा टूटी है।

मुझे ईर्ष्या हो रही है, क्योंकि किसी और की सफलता ने



मुझे मेरी निष्क्रियता का आईना दिखा दिया। मैं चिड़चिड़ा हूँ, क्योंकि मैं भीतर से थका हुआ हूँ और स्वयं को समय नहीं दे रहा। जब आप इस स्तर पर ईमानदारी से अपनी भावनाओं को देख लेते हैं, तो वे अपने आप हल्की और स्पष्ट हो जाती हैं।

अगर आप भावनाओं को लेकर स्पष्टता लाना चाहते हैं, तो आपको कुछ काम करने होंगे। शुरू में आपको लगेगा कि उन कामों के बावजूद आप जैसे थे, वैसे ही बने हुए हैं, लेकिन धैर्य रखिएगा, असर होने में देर लगेगी पर असर होगा जरूर। आपको रोज 10 मिनट मौन में बैठना है। बिना किसी उद्देश्य के बस चुप बैठे रहें। न कुछ सोचना, न कुछ करना।

केवल अपने भीतर के तरंगों को अनुभव करना। दूसरा आपको डायरी लिखनी है। रोज खुद से सवाल पूछना है - आज मैं क्या महसूस कर रहा हूँ? और जो भी उत्तर आए, उसे बिना संपादन, बिना शर्म, कागज़ पर उतार दीजिए।

इसके साथ-साथ अपने भीतर के शब्दों को पकड़ने की कोशिश करें। जब आप कहते हैं - मुझे अच्छा नहीं लग रहा, तो तुरंत पूछिए - क्यों? और उत्तर को गहराई से महसूस करने की कोशिश कीजिए। अंत में यह याद रखें कि शांति तब नहीं आती जब सब कुछ ठीक हो जाता है, शांति तब आती है जब हम अपनी भावनाओं को समझ लेते हैं।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## स्मृति शेष : आंदोलनकारी पत्रकारिता का परचम थे के विक्रम राव

गौरव अवस्थी

क्या, के विक्रम राव नहीं रहे! अभी कल ही तो उन्होंने व्हाट्सएप पर अपना आलेख भेजा था। कल ही क्यों? उनके आलेख नियमित आते ही रहते थे। खास मुद्दों पर। खास परिस्थितियों पर। पत्रकारिता के इतिहास पर और अपनी आपबीती पर भी। उनके लेख इतिहास और भूगोल बताते थे। नीति और सिद्धांत के मार्गदर्शक दस्तावेज होते थे। पत्रकारिता की वह चलती फिरती पाठशाला थे। अरे! अरे!! मैं भी निरा बेवकूफ पाठशाला नहीं, विश्वविद्यालय थे। हम जैसे रिटायर हो चुके पत्रकारों के लिए भी वह प्रेरणा थे। इस मायने में भी कि कैसे आखिरी क्षण तक सदाचारिता के साथ सक्रिय बने रहा जाए...।

कहने को, वह इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे लेकिन पद से वह बहुत बड़े थे। अनुभव में, इंसानियत में और अपने से छोटों को प्रोत्साहित करने में भी। मेरा उनसे कभी प्रत्यक्ष परिचय नहीं हुआ। मिलना-मिलाना भी कभी नहीं हो पाया पर ऐसा भी नहीं कह सकते कि उनसे मेरा सघन परिचय नहीं। उनके 6 दशक पुराने सक्रिय पत्रकारीय इतिहास से परिचय जरूर था। उनके द्वारा भेजे गए लेख हमें उनसे रोज परिचित कराते थे।

# मेड इन इंडिया हथियारों की धमक दुनिया ने देखी...समय आ चुका है

(अमित शुक्ला)

**पीएम मोदी का यह बयान ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की सैन्य क्षमताओं को प्रदर्शित करता है। उन्होंने विशेष रूप से 'मेड इन इंडिया' हथियारों के उपयोग पर जोर दिया, जो भारत की रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सोमवार को पहली बार देश को संबोधित किया। यह संबोधन भारत और पाकिस्तान के बीच हुई अहम सहमति के बाद हुआ। दोनों देशों ने जमीन, हवा और समुद्र में सभी सैन्य कार्रवाईयों को तत्काल रोकने का फैसला किया है। भारत ने यह ऑपरेशन पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किया था। इसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के जवाब में आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई में इस्तेमाल मेड इन इंडिया हथियारों की धमक दुनिया ने देखी। भारत ने न्यू एज वॉर फेयर में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। भारत का जोर स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर है। इसका उद्देश्य आयात पर निर्भरता कम करना है। 'मेक इन इंडिया' पहल ने रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी क्षमताओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीएम मोदी का यह बयान ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की सैन्य क्षमताओं को प्रदर्शित करता है। उन्होंने विशेष रूप से 'मेड इन इंडिया' हथियारों के उपयोग पर जोर दिया, जो भारत की रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सोमवार को पहली बार देश को संबोधित किया। यह संबोधन भारत और पाकिस्तान के बीच हुई अहम सहमति के बाद हुआ। दोनों देशों ने जमीन, हवा और समुद्र में सभी सैन्य कार्रवाईयों को तत्काल रोकने का फैसला किया है। भारत ने यह ऑपरेशन पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किया था। इसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। ऑपरेशन सिंदूर 6-7 मई की रात को शुरू हुआ था। भारतीय



सेना ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी कैंपों को निशाना बनाया था। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने 'न्यू एज वॉर फेयर' में अपनी श्रेष्ठता साबित की है, जो आधुनिक युद्ध में भारत की तकनीकी और सामरिक क्षमताओं को दर्शाता है। यह भविष्य के युद्धों के लिए भारत की तैयारी को दिखाता है। उन्होंने स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर भारत के जोर को दोहराया, जो देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का महत्वपूर्ण लक्ष्य है। यह 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत के प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनके इस संबोधन में भारत की बढ़ती हुई सामरिक शक्ति और आत्मनिर्भरता पर जोर रहा।

### आत्मनर्भिर बन रहा भारत

पीएम ने इस बात पर रोशनी डाली कि भारतीय सेना की कार्रवाई में 'मेड इन इंडिया' हथियारों का उपयोग किया गया था। इसने भारत की स्वदेशी रक्षा उत्पादन क्षमता से दुनिया को रूबरू कराया। यह आत्मनिर्भरता की ओर भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। पीएम बोले कि भारत की सैन्य कार्रवाई में मेड इन इंडिया हथियारों की धमक दुनिया ने देखी। देश ने न्यू एज वॉर फेयर में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। इसका समय आ चुका है।

## वर्ग पहेली 5730



संकेतः बाएं से दाएं

1. 16 जून 2007 को यह महिला अंतरिक्ष में लगातार सबसे लंबे समय तक रहने वाली महिला बनी (7)
5. प्रणाम, अभिवादन, नमस्कार (3)
7. सेवा करना वाला, नौकर (3)
8. व्रत, उपवास (उर्दू)(2)
9. मादा या आवेश में आना (4)
13. प्रकाश की किरण, अर्धप्रकाश (1)
14. टूटने-फूटने आदि से उत्पन्न शब्द (2)
15. गति (3)
17. अधिकार, शक्ति, पर्याप्त है कि, समाप्ति सूचक शब्द (2)
18. प्रहार करने की क्रिया (2)
19. गवाह का कथन, साक्ष्य (3)
21. बलमा, प्रेमी, साजन, इस फिल्म मे देवानंद के साथ मीना कुमारी व सुरैया थी (1951) (3)

ऊपर से नीचे

1. पुराणानुसार महाराजा जनक की पत्नी का नाम, सुलोचना (4)
2. कड़वी छाल वाले इस वृक्ष की पत्तियां औषधि बनाने के काम में आती है (2)
3. इन्हें सम्राट अकबर के नवरत्नों में गिना जाता है, इनका मूल नाम रामतनुमाल था (4)
4. काबिलीयत, योग्यता, गुण, पात्रता (4)
6. संवारना, आकर्षक और सुंदर बनाना (3)
8. रुपयों का लेन-देन का हिसाब संबंधी बही (5)
10. बंधक बनाया हुआ, जिसे अपराध के सिलसिले में पकड़ा गया हो (4)
12. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट (2)
15. प्रस्थित, भेजा गया (3)
16. वे दिन जिसमें विवाह आदि संपन्न कराए जाते है, तल्लीनता, ध्यान लगाने का भाव (3)
20. भार्या, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)

### वर्ग पहेली 5729 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | र | त | | गो | दा | व | री |
| ग | ज | ट | | दा | ता | र | |
| खु | | स्थ | ग | न | | या | मा |
| ल | य | | जं | | सं | त्रा | य |
| ना | ज | नी | न | | ता | | |
| | मा | | क | मी | न | गा | ह |
| जा | न | द | र | | ही | र | क |
| ट | | | ना | दा | न | | ला |

## पता नहीं कहां होगा मुस्तफा

(पूनम पाण्डे)

लाइन ऑफ कंट्रोल पर लगातार गोलाबारी हो रही है। पाकिस्तानी फायरिंग में कई निर्दोष नागरिकों की जान चली गई और कई जख्मी हुए हैं। वहां से आ रही तस्वीरों को देखकर मुझे मुस्तफा का ख्याल आया। कहां होगा मुस्तफा, सुरक्षित होगा, कितना डरा हुआ होगा? वैसे, अब बड़ा भी हो गया होगा! करीब 5 साल पहले जब मैं स्पष्ट के पास के धराती गांव गई तो वहां मिला था मुस्तफा। तब 7 साल उम्र थी उसकी। भारत और पाकिस्तानी सेना के बीच फरवरी 2021 में सीजफायर का पालन पूरी तरह करने पर सहमति बनी थी। इससे पहले लगातार गोलीबारी होती रहती थी। जब मैं वहां थी, तब भी सीमापार से सीजफायर का उल्लंघन किया जा रहा था।

धराती गांव की तरफ जाते हुए टैक्सी ड्राइवर बता रहा था कि यहां बहुत खतरा है, सीमा पार से किसी भी समय फायरिंग हो सकती है और कुछ भी हो सकता है। गांव में पहुंचने पर एक सरकारी स्कूल दिखाई दिया। स्कूल से कुछ नीचे की तरफ 4-5 घर दिखे। मैंने एक घर की तरफ रुख किया। पत्थरों से बना बस एक कमरे का घर। दरवाजे पर ही खड़ा था मुस्तफा। अपनी साइज से बड़ी नीले रंग की जींस और लगभग डबल साइज की ग्रे स्वेटर पहने मुस्तफा ने मुझे अपनी तरफ आते देखा तो दरवाजे के पीछे छुप गया। फिर एक लड़की बाहर आई, सोफिया ड्ड मुस्तफा का हाथ पकड़े हुए। मैंने मुस्तफा से बात करनी चाही, लेकिन वह बहुत धीमे बोल रहा था। एकदम उसके मुंह के पास कान लगाने पर भी मुश्किल से समझ आ रहा था। तब साथ खड़ी सोफिया ने बताया, 'वैसे तो बहुत शैतानी करता है।' कनखियों से झांकते मुस्तफा ने हल्की-सी स्माइल दी।

मैंने पाकिस्तान की तरफ से होने वाली गोलाबारी पर बात शुरू की, तो सोफिया ने कहा, 'डर तो लगता है पर क्या करें?' मुस्तफा की अम्मी बोलीं, 'रात में गोलाबारी होती है, तो बच्चे बहुत डर जाते हैं। चिल्लाने लगते हैं कि गोला हम पर आ जाएगा। उस वक्त हम इतना बेबस महसूस करते हैं कि बयां भी नहीं कर सकते। जब गोलाबारी ज्यादा दिनों तक चलती है तो कई बार खाना भी नसीब नहीं होता।' उनकी पड़ोसन फुलजान बेगम का बेटा इमरान कुछ महीनों पहले ही फायरिंग में घायल हो गया था। उसका एक पैर काटना पड़ा। लाइन ऑफ कंट्रोल के पास के गांवों में इमरान की तरह कई बच्चे, युवा और बुजुर्ग हैं, जिन्हें पाकिस्तान की गोलाबारी ने विकलांग बना दिया। मुझे गांव में अजीब-सा माहौल दिखा। लोग थे, पर कोई हलचल नहीं। थोड़ी दूर पर दो बच्चियां दौड़ती दिखीं। नजरें मिलीं, तो मैंने हाथ हिलाकर अपने पास बुला लिया। बड़े होकर क्या बनना चाहती हो? कौसर ने जवाब दिया, 'डॉक्टर'। हमें बात करता देख चार-पांच और बच्चे वहां आ गए। सबका जवाब था, 'डॉक्टर बनना चाहते हैं।' देश के दूसरे बच्चों की तरह ही ये बच्चे भी बेहतर भविष्य का सपना संजोए थे। लेकिन, धमाकों की आवाज उन सपनों को बार-बार तोड़ दे रही थी। इन बच्चों से बात कर मन में एक अजीब-सा भारीपन था और उसी भारीपन के साथ मैं वहां से निकली।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। उन्हें ऑफिस में अच्छा काम करने के लिए सम्मान मिल सकता है। यदि वे अपने काम धंधे को आगे बढ़ाने के लिए लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी मिल सकता है। जरूरी काम में पुराने दोस्तों से मदद मिलेगी और आपको पत्नी का पूरा सहयोग मिलेगा।

### वृष

आज दिन व्यस्तता से भरा बीतेगा। बहुत भागदौड़ के कारण वे काम में बिजी रहेंगे। ऐसे में पैर में चोट लग सकती हैं, सावधान रहें। निर्णय लेने की क्षमता से उन्हें फायदा होगा। वे कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं। रुके हुए काम पूरे होंगे और उन्हें खुशी होगी।

### मिथुन

आज सावधानी से बिताने की सलाह है। फिजूल के खर्चों से बचना अच्छा रहेगा। अगर आप किसी बीमारी से परेशान हैं, तो उनकी तकलीफ बढ़ सकती है। सामाजिक कार्यों में रुकावट आ सकती है और उन्हें नुकसान हो सकता है।

### कर्क

कर्क

आज दिन शुभ है। करियर में उन्नति और सम्मान दोनों मिल सकते हैं। उच्च अधिकारियों से सहयोग मिलेगा और प्रमोशन की भी संभावना है। जो लोग व्यापार कर रहे हैं उन्हें नई डील मिल सकती है। आर्थिक दृष्टि से आय के नए

### सिंह

आज दिन मिला-जुला रहेगा। कामकाज में सफलता मिलेगी, परंतु कुछ विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत है। ऑफिस में राजनीति से दूर रहें। व्यवसाय में किसी महत्वपूर्ण ग्राहक से लाभ मिल सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी लेकिन अनावश्यक खर्चों से बचें।

### कन्या

आज कठिन परिश्रम का फल मिलेगा। कार्यस्थल पर आपका प्रभाव बढ़ेगा। सहकर्मियों से भी सहयोग मिलेगा। व्यापार में धन लाभ की संभावना है, विशेष रूप से कृषि, शिक्षा या फार्मा सेक्टर से जुड़े लोगों को। खर्च अधिक हो सकता है, विशेषकर स्वास्थ्य पर।

### तुला

आज दिन सकारात्मक है। करियर में नए अवसर मिलेंगे। इंटरव्यू या प्रेजेंटेशन में सफलता मिलेगी। व्यापारी वर्ग को सरकारी योजनाओं या बैंक से आर्थिक सहायता मिल सकती है। संपत्ति या जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में लाभ के संकेत हैं। पुराने निवेशों से भी रिटर्न मिलने की संभावना है।

### वृश्चिक

आज धैर्य और विवेक से काम लेने का दिन है। व्यापार में उतार-चढ़ाव संभव है, लेकिन शाम तक स्थितियां अनुकूल हो जाएंगी। करियर में कोई पुराना विवाद सुलझ सकता है। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से सावधानी रखनी होगी।

### धनु

आज दिन करियर और धन के मामले में शुभ है। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। व्यवसाय में तेजी आने की संभावना है। आपकी समझदारी से आपको आर्थिक लाभ मिलेगा। धार्मिक कार्यों में खर्च हो सकता है लेकिन वह मानसिक शांति देगा।

### मकर

आज करियर में संतुलन बनाए रखना होगा। काम का दबाव हो सकता है, लेकिन उसका सकारात्मक परिणाम भी मिलेगा। व्यापार में छोटे-छोटे निवेश आगे चलकर बड़ा लाभ दे सकते हैं। परिवार में किसी जिम्मेदारी के चलते अनचाहे खर्च हो सकते हैं।

### कुंभ

आज दिन करियर में नयापन लाएगा। आप किसी नए प्रॉजेक्ट या योजना में हाथ डाल सकते हैं, जो आगे चलकर लाभकारी साबित होगा। आपकी सोच में मौलिकता और नवाचार की झलक होगी। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी लेकिन घर के किसी सदस्य के कारण खर्च बढ़ सकता है। नौकरी में बदलाव के बारे में विचार कर सकते हैं। किसी वरिष्ठ से मार्गदर्शन लें।

### मीन

आज कार्यस्थल पर सराहना मिलेगी। अटका हुआ कार्य पूरा होगा और आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापारी वर्ग को रुकी हुई डील पूरी होने की संभावना है। सामाजिक पहचान बढ़ेगी, जिससे नए क्लाइंट्स से संपर्क बनेगा। धन लाभ की संभावना है, खासकर लेन-देन या पुराने कर्ज से राहत मिलने के रूप में।

## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात में पाकिस्तानी लिंक वाले मौलाना के मदरसे पर चला दिया बुलडोजर




**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात में पुलिस ने एक मौलाना का पाकिस्तानी लिंक सामने आने के बाद उसकी ओर से संचालित किए जा रहे मदरसे को बुलडोजर से मिट्टी में मिला दिया है। मौलाना मोहम्मद फजल अब्दुल अजीज शेख की ओर से चलाया जा रहा था। मौलाना के फोन में पाकिस्तानी कनेक्शन वाले कई वॉट्सऐप ग्रुप मिलने के बाद पुलिस ने यह ऐक्शन लिया है। अमरेली के डीएसपी पीआर राठौर ने कहा कि एसडीएम की जांच में पाया गया कि मदरसे के पास दस्तावेज नहीं हैं। संचालक यह बताने में असफल रहे कि यह मदरसे की जमीन उनकी है और निर्माण कानूनी तरीके से किया गया है। मौके पर भारी सुरक्षाबल को तैनात किया गया था। हालांकि, पुलिस को किसी तरह के विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद गुजरात पुलिस ने अमरेली से संदिग्ध मौलाना को हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान उसका पाकिस्तानी कनेक्शन सामने आया था। उसके फोन में 7 संदिग्ध पाकिस्तानी और अफगानिस्तानी वॉट्सऐप ग्रुप पाए गए थे। पुलिस मौलाना से पूछताछ करके यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह पाकिस्तान में किन लोगों के संपर्क में था और उसका मकसद क्या था। धारी पुलिस स्टेशन में मौलाना के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मौलाना मूल रूप से अहमदाबाद का रहने वाला है और अमरेली में मदरसा चला रहा था।

### एक बूंद पानी जाने नहीं जाने दूंगा, हरियाणा के साथ तकरार पर भगवंत मान ने केंद्र को दी धमकी



नईदिल्ली, एजेंसी। पंजाब और हरियाणा के बीच पानी को लेकर टकराव के बीच भगवंत मान ने कहा है कि वह भाखड़ा डैम से एक बूंद भी पानी हरियाणा को देने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अगर बांध पर अधिकारियों को भेजा जाता रहा तो कोई भी गड़बड़ होने पर इसकी जिम्मेदार बीजेपी होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्र सरकार और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड जिम्मेदार होगा। उन्होंने इस मुद्दे को लेकर किसान संघों की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। मान को जब पता चला कि बोर्ड के अधिकारी हरियाणा के लिए पानी छोड़ने को लेकर फिर से बांध पर पहुंचे हैं तो वह रूपनगर जिले में नांगल बांध की ओर चल पड़े। पंजाब सरकार में मंत्री हरजोत सिंह बैंस के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ताओं और कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने पड़ोसी राज्य हरियाणा के लिए पानी छोड़ने आए अधिकारियों के इस प्रयास के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बोर्ड के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी को 'आप' कार्यकर्ताओं द्वारा नांगल बांध के गेस्ट हाउस में कथित तौर पर बंद करने के चार दिन बाद यह घटनाक्रम हुआ। पंजाब और हरियाणा में पानी के बंटवारे को लेकर टकराव जारी है। पंजाब में 'आप' के नेतृत्व वाली सरकार ने भाखड़ा बांध से पानी साझा करने से इनकार करते हुए कहा कि हरियाणा पहले ही अपने हिस्से का पानी इस्तेमाल कर चुका है। मान ने राज्य की नदियों के जल संरक्षण पर किसान संघों की 'चुप्पी' पर भी निशाना साधा। मान ने नांगल बांध पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक तरफ पंजाब अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दुश्मनों का डटकर मुकाबला कर रहा है और दूसरी तरफ केंद्र की भाजपा सरकार 'गंदे खेल' खेल रही है और राज्य को उसके पानी से वंचित करने के लिए नौटंकी कर रही है।

### हिमाचल के किसानों के लिए खुशखबरी, सुक्खू सरकार का बिजली पर बंपर छूट

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राज्य की सुक्खू सरकार ने बिजली पर बंपर छूट का ऐलान किया है। सरकार ने सोमवार को इसकी घोषणा भी कर दी है। अब किसानों को काफी किफायती दर पर बिजली मिलेगा। हिमाचल प्रदेश सरकार ने सोमवार को कृषि उपभोक्ताओं के लिए 4.04 रुपए प्रति यूनिट की सब्सिडी की घोषणा की। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि अब किसानों को मात्र 1 रुपए प्रति यूनिट की भारी सब्सिडी दर पर बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। 4.04 रुपए प्रति यूनिट की शेष लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। प्रवक्ता ने कहा कि बिजली पर बंपर सब्सिडी की घोषणा कर राज्य की कांग्रेस सरकार ने कृषि क्षेत्र को समर्थन देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि बिजली सब्सिडी अधिसूचना जारी करने में देरी के कारण कुछ किसानों को अधिक दरों पर बिजली बिल प्राप्त हुए होंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी अधिक राशि को अगले बिलिंग चक्रों में समायोजित किया जाएगा।

# जांच से पहले ही जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से गायब हो गया था कैश, किसका हाथ? बढ़ने वाली है मुसीबत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से भारी मात्रा में कैश बरामद होने के मामले में एक नया खुलासा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एक इन-हाउस जांच समिति ने पुष्टि की है कि 14 मार्च को जस्टिस वर्मा के घर में आग लगने की घटना के बाद वहां से कैश बरामद किया गया था। हालांकि, जांच शुरू होने से पहले ही यह कैश रहस्यमय तरीके से गायब हो गया, और इसके पीछे जस्टिस वर्मा के आवास पर कार्यरत कर्मचारियों का हाथ होने का संदेह जताया जा रहा है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, आग बुझाने के बाद जब कमरे को खोला गया, तो वहां बड़ी मात्रा में जली हुई नकदी मिलने की बात सामने आई। बताया जा रहा है कि यह कमरा लॉक था और उसे तोड़कर खोला गया। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से लिखा गया है कि जब इस बारे में जस्टिस वर्मा से सवाल किया गया तो उन्होंने गलत और भ्रामक जानकारी दी। बरामद नकदी की सही राशि अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है, क्योंकि जांच से पहले ही नकदी गायब हो चुकी थी। पद से हटाने की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट की इन-हाउस जांच समिति ने इस पूरे मामले में गंभीरता को देखते हुए जस्टिस वर्मा को पद से हटाने की सिफारिश की। इसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने प्रारंभिक जांच करवाई और तुरंत प्रभाव से जस्टिस वर्मा से न्यायिक कार्य वापस ले लिया गया। इसके बाद उन्हें बिना किसी न्यायिक जिम्मेदारी के इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया। जांच समिति की रिपोर्ट और जस्टिस वर्मा के जवाब को भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा है। उच्च न्यायालय के जजों के लिए निर्धारित इन-हाउस जांच प्रक्रिया के तहत, यदि कोई जज इस्तीफा नहीं देता, तो मुख्य न्यायाधीश को ही राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखना होता है। हालांकि, जस्टिस वर्मा ने सभी आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने अपने जवाब में लिखा कि जिस कमरे से नकदी मिली, वह कई लोगों के लिए खुला रहता था और उनका इस नकदी से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने इसे पूरी तरह से बेबुनियाद और हास्यास्पद करार दिया। अब राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री द्वारा इस मामले में क्या कदम उठाए जाएंगे, इस पर सबकी निगाहें टिकी हैं। जस्टिस यशवंत वर्मा के लिए आगे क्या? 8 मई को सीजेआई संजीव खन्ना ने तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दिया, जो इस बात का संकेत है कि जस्टिस वर्मा ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है। स्ट्र की समिति में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक हाई कोर्ट की जज अनु शिवरामन शामिल थे। उन्होंने जस्टिस वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की। सूत्रों के अनुसार, सीजेआई ने जस्टिस वर्मा से इस्तीफा देने या महाभियोग की प्रक्रिया का सामना करने को कहा था। इन-हाउस प्रक्रिया के तहत, यदि कोई जज इस्तीफा देने से मना करता है और जांच में गंभीर अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो मामला संसद में महाभियोग के लिए भेजा जा सकता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124(4) और 218 के अनुसार, किसी हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के जज को केवल संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत से पारित प्रस्ताव के बाद ही हटाया जा सकता है। इसके लिए सिद्ध कदाचार या अक्षमता के आधार की आवश्यकता होती है। अब गेंद केंद्र सरकार और संसद के पाले में है। सरकार को जजेस (इन्क्वायरी) एक्ट, 1968 के तहत आगे की कार्रवाई करनी होगी, जिसमें लोकसभा या राज्यसभा के अध्यक्ष द्वारा एक जांच समिति गठित की जा सकती है। यदि संसद महाभियोग प्रस्ताव पारित करती है, तो राष्ट्रपति जज को हटाने का आदेश जारी करेंगे। हालांकि, भारत में महाभियोग की प्रक्रिया जटिल और राजनीतिक रूप से संवेदनशील रही है, और यह जरूरी नहीं कि यह प्रक्रिया पूरी हो।

## पाकिस्तान की सीमा से लगे पंजाब के चार जिलों के स्कूल अभी भी बंद

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** भारत-पाक संघर्ष विराम की घोषणा के बाद भी पाकिस्तान की सीमा से सटे पंजाब के चार जिलों में स्कूल अभी भी बंद हैं। आईएएनएस से बात करते हुए एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि गुरदासपुर को छोड़कर पाकिस्तान की सीमा से लगे पंजाब के इन जिलों में एहतियात के तौर पर मंगलवार को स्कूल बंद रहेंगे। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के तुरंत बाद अमृतसर, पठानकोट, जालंधर और होशियारपुर में अधिकारियों ने लोगों से जरूरी न होने पर बाहर निकलने से बचने की अपील की और सेना के अधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद आंशिक ब्लैकआउट लागू कर दिया। जालंधर में सोमवार शाम को सशस्त्र बलों ने एक निगरानी ड्रोन को मार गिराया। जालंधर के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु अग्रवाल ने कहा, मुझे बताया गया है कि मंड गांव के पास रात करीब 9.20 बजे सशस्त्र बलों ने एक निगरानी ड्रोन को मार गिराया। विशेषज्ञों की एक टीम मलबे की तलाश कर रही है। बाद में अग्रवाल ने कहा कि रात 10 बजे के बाद जालंधर में कोई ड्रोन गतिविधि नहीं हुई। रात 10.45 बजे एक संदेश में उन्होंने लोगों को मलबे के पास न जाने और तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचित करने की सलाह दी। होशियारपुर डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने दसूया इलाके में कुछ धमाके सुने जाने की पुष्टि की और फिर सेना के अधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद आंशिक ब्लैकआउट की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों से मिली जानकारी के आधार पर दसूया और मुकेरिया इलाकों में ब्लैकआउट लगाया गया है। सीमावर्ती जिले अमृतसर में सामान्य गतिविधि देखी गई, लेकिन अलर्ट जारी किया गया और साथ ही सोमवार को कुछ घंटों के लिए ब्लैकआउट लगाया गया। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली से अमृतसर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट को राज्य के अन्य हिस्सों में ड्रोन गतिविधि देखे जाने के बाद डायवर्ट किया गया। सुबह-सुबह अमृतसर की डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने एक्स पर लिखा, अब आपको एक छोटा सा सायरन सुनाई दे सकता है - यह दर्शाता है कि अलर्ट खत्म हो गया है और हम अपनी सामान्य गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद। पठानकोट जिला भी अलर्ट पर रहा क्योंकि कथित तौर पर भारत-पाक सीमा पर स्थित बामियाल इलाके में ड्रोन देखे गए।

## पीएम मोदी ने देश के नए सिद्धांत को आकार दिया : चंद्रबाबू नायडू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में यह संदेश दिया कि उनकी सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति रखती है। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान से केवल पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) और आतंकवाद पर चर्चा करने की बात कही। प्रधानमंत्री के संबोधन की आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने तारीफ की है। चंद्रबाबू नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिर्फ भाषण ही नहीं दिया, उन्होंने भारत के नए सिद्धांत को आकार दिया। उनका संबोधन पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों के लिए एक सख्त चेतावनी और दुनिया को ताकत का एक स्पष्ट संदेश था। आज बुद्ध पूर्णिमा है और हम शांति के मार्ग को याद करते हैं। लेकिन, जैसा कि इतिहास हमें सिखाता है, स्थायी शांति ताकत के माध्यम से सुरक्षित होती है। हम शांति के मार्ग पर चलते हैं, लेकिन हम आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस का भी अभ्यास करते हैं। उन्होंने लिखा कि आज भारत अपनी प्राचीन आध्यात्मिक विरासत और अत्याधुनिक क्षमताओं दोनों के लिए वैश्विक सम्मान प्राप्त करता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमने सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले प्रमुख बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित ड्रोन और हथियारों का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया।

# फरीदाबाद में सभी अवैध कॉलोनियां तोड़ी जाएं, हरियाणा के मंत्री ने दिए आदेश

**फरीदाबाद, एजेंसी।** दिल्ली से सटे फरीदाबाद की अवैध कॉलोनियों में रहने वाले लोगों के लिए बुरी खबर है।हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने सोमवार को जिले में काटी जा रहीं सभी अवैध कॉलोनियों और अवैध आरएमसी प्लांट को तोड़ने का आदेश दिया है। मंत्री ने यह आदेश सेक्टर-12 स्थित प्रियदर्शिनी सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में शिकायत सुनने के दौरान दिए। जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में सिकरौना गांव में काटी जा रही अवैध कॉलोनी का मामला लगा हुआ था। इस मामले की सुनवाई करते हुए उन्होंने जिला नगर योजनाकार से अवैध कॉलोनियों के बनने की वजह पूछी। इस पर उन्होंने मंत्री को बताया कि वे अवैध कॉलोनियों पर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। जनवरी से अब तक 272 एकड़ में बन रहीं 39 कॉलोनियों को तोड़ा जा चुका है। इस पर पृथला से कांग्रेस विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया ने कहा कि उनके क्षेत्र में भी अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। इस पर उद्योग मंत्री ने कहा कि जिले में काटी जा रहीं सभी अवैध कॉलोनियों को तोड़ा जाए। अवैध कॉलोनियों को तोड़ने की रफ्तार और तेज की जाए। दूसरी ओर, नगर निगम पार्षद अनिल नागर ने मंत्री के समक्ष सेक्टर-31 एचएसआईआईडीसी में लगाए गए आरएमसी (रेडी मिक्स कंक्रीट)



प्लांट को बंद करवाने की मांग की। उन्होंने मंत्री को बताया कि इस प्लांट से प्रदूषण फैल रहा है। इस वजह से सेक्टर-31 के लोगों का जीना दूभर हो रहा है। यहां के लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। इस पर मंत्री ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों से जवाब मांगा। इस मामले की सुनवाई के दौरान उन्होंने जिले भर में चल रहे सभी अवैध आरएमसी प्लांट को तोड़ने का आदेश दिया। इस दौरान बैठक में कुल 16 मामले रखे गए थे। इनमें से मौके पर ही नौ मामलों का समाधान कर दिया गया, जबकि बाकी सात मामलों में जल्द कार्रवाई का आदेश दिया गया। संजय कॉलोनी में पानी पहुंचाने का आदेश इस बैठक में संजय कॉलोनी में पेयजल संकट का मामला भी उठा। संजय कॉलोनी निवासी शिवचरण ने मंत्री को बताया कि संजय कॉलोनी में रेनीवेल का पानी नहीं आ रहा है। यहां के लोग ट्यूबवेल के खारे पानी पर निर्भर हैं। उन्होंने दोनों विभागों को इस मामले का जल्द हल निकालने का आदेश दिया। वहीं टैंकर से भी पानी की आपूर्ति करने के लिए कहा। यहां पर ग्रेटर फरीदाबाद की ग्रीन पावर रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक मेहता ने लगाया था। यहां पर पावर ग्रिड के अधिकारी ने बताया कि यहां पर मोनोपाल लगाकर इस टावर को हटाया जा सकेगा।

# टला नहीं पाकिस्तान से हमले का खतरा? एयर इंडिया-इंडिगो ने रद्द कर दीं 7 शहरों की फ्लाइट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच भले ही औपचारिक रूप से सीजफायर का ऐलान हो गया है लेकिन तनाव की स्थित अब भी बनी हुई है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इंडिगो और एयर इंडिया ने सात शहरों की फ्लाइट कैंसल कर दी हैं। इनमें श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़ और तीन अनय शहर शामिल हैं।

एयर इंडिया ने जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़, राजकोट का टू वे फ्लाट ऑपरेशन रद्द कर दिया है। वहीं इंडिगो ने जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर और राजकोट की फ्लाइट कैंसल की हैं। विमानन कंपनी ने सोमवार रात 11 बजकर 38 मिनट पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'नवीनतम घटनाक्रम के मद्देनजर और आपकी सुरक्षा को हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए, जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर और राजकोट से आने-जाने वाली उड़ानें 13 मई 2025 के लिए रद्द कर दी गई हैं।' एयरलाइन ने यह भी कहा कि उसकी टीम




सक्रियता से स्थिति पर नजर रख रही हैं।

ये छह हवाई अड्डे उन हवाई अड्डों में शामिल हैं जिन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर अस्थायी रूप से बंद करने के बाद सोमवार को नागरिक उड़ानों के लिए पुनः खोल दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, सोमवार शाम को अमृतसर जाने वाला इंडिगो का एक विमान अमृतसर में एहतियाती 'ब्लैकआउट' उपाय लागू होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी लौट आया।

बता दें कि सोमवार को ही इन एयरपोर्ट्स पर आम लोगों के लिए सेवा शुरू की गई थी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सोमवार को ऐलान किया था कि अस्थायी रूप से बंद किए गए 32 एयरपोर्ट को फिर से खोला जा रहा है। अधमपुर, अंबाला, अवंतिपुरा, बठिंडा, बीकानेर, हिंडन, जैसलमेर, कांडला, कांगड़ा, केशोड, किणनगढ़, मुंद्रा, नालिया, पठानकोट, पटियाला, पोरबंदर एयरपोर्ट से आम यात्रियों के लिए ऑपरेशन शुरू करने का ऐलान कर दिया गया था।

## इसरो और सेना की जोड़ी ने किया कमाल, आसमान से थी पूरे पाकिस्तान पर नजर, चुन-चुनकर किया वार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देशी और विदेशी कॉमर्शियल स्पेस एसेट्स का बड़े स्तर पर इस्तेमाल किया। भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमारे सभी रणनीतिक स्पेस एसेट्स का ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अलग-अलग तरीकों से उपयोग किया गया। हमारी टीमें लगातार काम कर रही थीं और हमें गर्व है कि इसरो देशहित में सशस्त्र बलों की मदद कर सका।


**भारतीय सेना के पास लगभग 9-11 सैन्य सैटेलाइट :** टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, एक अन्य अधिकारी ने बताया कि भारतीय सेना के पास लगभग 9-11 सैन्य सैटेलाइट उपलब्ध हैं। इनके अलावा भी इसरो ने अमेरिका की कॉमर्शियल सैटेलाइट इमेजरी कंपनी मैक्सार से भी डेटा हासिल करने में मदद की। अधिकारी ने कहा कि हमारे कार्टोसैट सीरीज के सैटेलाइट से प्राप्त इमेजरी का इस्तेमाल योजना बनाने में हुआ, वहीं मैक्सार से दैनिक रूप से मिलने वाली हाई-रिजॉल्यूशन तस्वीरों ने ऑपरेशन को और धार दी। कार्टोसैट-2सी जैसे सैटेलाइट 0.65 मीटर तक की रिजॉल्यूशन के साथ तस्वीरें उपलब्ध कराते हैं। यह भारत की सैन्य खुफिया प्रणाली का अहम हिस्सा हैं। ये सैटेलाइट पहले भी 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक जैसे अभियानों में



उपयोग में लाए जा चुके हैं। इसके अलावा रीसैट सीरीज के रडार इमेजिंग सैटेलाइटों से इलाके में गतिविधियों की निगरानी की गई और जीसैट सीरीज ने संचार व्यवस्था को संभाला। इस लिहाज से पूरा पाकिस्तान भारत की जद में था। यही वजह है कि भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान पर इतना सटीक हमला किया कि उससे केवल वही टारगेट हिट हुए जिन्हें नष्ट करने की योजना थी। पाकिस्तान के एयरबेस पर चुन-चुनकर हुए हमले इसका सबसे सटीक उदाहरण हैं। जीपीएस सिस्टम्स ने भी इस ऑपरेशन में की मदद अधिकारी ने बताया कि भारतीय सैटेलाइट औसतन हर 14 दिन में किसी विशिष्ट क्षेत्र की इमेज प्रदान कर सकते हैं, लेकिन व्यावसायिक सैटेलाइटों से यह डेटा रोजाना उपलब्ध हो सकता है।

# ट्रंप कुछ भी दावा कर निकल गए, पीएम मोदी ने क्यों नहीं दिया जवाब? कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान को लेकर चुप रहे। कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं कि क्या भारत ने अमेरिका की मध्यस्थता को स्वीकार कर लिया है और अमेरिका के कहने पर वह पाकिस्तान के साथ किसी तीसरे देश में वार्ता के लिए सहमत हो गया है। इस दौरान कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह मांग एक बार फिर दोहराई है कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के संबोधन से कुछ देर पहले ही ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को व्यापार बंद करने की धमकी थी, जिसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष रुका सका। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''प्रधानमंत्री का लंबे समय से टलता आ रहा राष्ट्र के नाम संबोधन राष्ट्रपति ट्रंप के कुछ मिनट पहले किए गए खुलासों से पूरी तरह दब गया। प्रधानमंत्री ने उन पर एक शब्द भी नहीं कहा।'' जयराम रमेश ने सवाल किया, ''क्या भारत ने अमेरिका की मध्यस्थता स्वीकार कर ली है? क्या भारत पाकिस्तान के साथ वार्ता के



लिए किसी तटस्थ स्थल पर सहमत हो गया है? क्या अब भारत अमेरिका की इन मांगों को मान लेगा कि वह ऑटोमोबाइल, कृषि और अन्य क्षेत्रों में अपने बाजार खोल दे?'' कांग्रेस महासचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री को तुरंत सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करनी चाहिए, जो उन्होंने पिछले बीस दिनों में टाला है। जयराम रमेश ने आगे कहा कि आने वाले महीनों में पुरजोर कूटनीति और सामूहिक संकल्प दोनों की जरूरत होगी और वन-लाइनर्स और डायलॉगबाजी खराब विकल्प हैं। रमेश ने कहा, ''हम अपने सशस्त्र बलों की खुले दिल से सराहना और सलाम करते हैं। उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है। हम हर समय 100 प्रतिशत उनके साथ हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को अभी भी बहुत कुछ जवाब देना है।''

वहीं कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन से कुछ देर पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का एक वक्तव्य आया जो बहुत व्यथित करने वाला है। इस वक्त अपने सभी भारतीय नागरिकों को चौंका दिया है।उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा, भारत की संस्कृति में कभी सिंदूर के साथ सौदा संभव नहीं है। ट्रंप ने कहा कि व्यापार को हथियार बनाकर उन्होंने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रुकवाया। खेड़ा ने कहा कि उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री अपने संबोधन में राष्ट्रपति ट्रंप के वक्तव्य का करारा और त्वरित जवाब देंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहली बार राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ सिर्फ उसके कब्जे वाले कश्मीर और आतंकवाद पर बातचीत होगी। मोदी ने यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद और वार्ता की साथ नहीं चल सकते तथा पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते। उन्होंने यह भी कहा कि आज हर आतंकवादी और आतंकवादी संगठन यह जान गया है कि हमारी मां-बेटियों के माथे से सिंदूर मिटाने का क्या अंजाम होता है।

# विराट-अनुष्का प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे

## महाराज ने विराट से पूछा- प्रसन्न हो, अनुष्का को राधा नाम जपने का उपदेश दिया

**मथुरा (एजेंसी)।** विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के अगले दिन मथुरा के वृंदावन पहुंचे। पत्नी अनुष्का शर्मा भी उनके साथ थीं। दोनों सुबह प्रेमानंद महाराज के केली कुंज आश्रम पहुंचे। दोनों ने प्रेमानंद महाराज को दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। प्रेमानंद महाराज ने विराट और अनुष्का से पूछा- प्रसन्न हो? इस पर विराट ने मुस्कुराकर कहा- हां। महाराज ने दोनों को आशीर्वाद दिया- जाओ, खूब आनंदित रहो, नाम जप करते रहो। इस पर अनुष्का ने पूछा- बाबा क्या नाम जप से सबकुछ पूरा हो जाएगा? महाराज ने कहा- हां, सब पूरा होगा।

**प्रेमानंद महाराज ने विराट-अनुष्का से करीब 7 मिनट बातचीत की** - विराट और अनुष्का मथुरा के होटल रेडिसन में ठहरे हुए थे। दोनों सुबह 7.20 बजे प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक दोनों ने महाराज से करीब 7 मिनट तक अकेले में भी बातचीत की। प्रेमानंद आश्रम की तरफ से इस मुलाकात का पूरा वीडियो भी जारी किया गया है।

**विराट-अनुष्का 2 घंटे 20 मिनट आश्रम में रहे** - प्रेमानंद महाराज के आश्रम से जाने के करीब आधे घंटे बाद विराट-अनुष्का लौटे। आश्रम में 2 घंटे 20 मिनट ठहरकर वे सुबह 9.40 बजे वहां से निकले। इस दौरान दोनों ने आश्रम के कामकाज को देखा-समझा।



**महाराज बोले- भगवान की कृपा से अंदर का चिंतन बदलेगा** - प्रेमानंद महाराज ने कहा- वैभव मिलना कृपा नहीं है। यह पुण्य है। भगवान की कृपा अंदर का चिंतन बदलना है। इससे आपके अनंत जन्मों के संस्कार भस्म होते हैं और अगला जन्म बड़ा उत्तम होता है।

भगवान जब कृपा करते हैं तो संत समागम देते हैं। दूसरी कृपा जब होती है तो विपरीतता देते हैं और फिर अंदर से एक रास्ता देते हैं। यह शांति का रास्ता नहीं। भगवान वो रास्ता देते हैं और जीव को अपने पास बुला लेते हैं। बिना प्रतिकूलता के संसार का राग नष्ट नहीं होता।

**जितने बड़े महापुरुष हुए, सबने प्रतिकूलता देखी** - महाराज ने कहा- भगवान ने बिना प्रतिकूलता के इस संसार को छुड़ाने की कोई भी औषधि नहीं रखी। आज तक जितने बड़े महापुरुष हुए हैं, जिनका जीवन बदला है, उनको प्रतिकूलता के दर्शन करने पड़े हैं। तो कभी प्रतिकूलता आए तो उस समय आनंदित हों कि मेरे ऊपर अब भगवान की कृपा हो रही है। मुझे सतमार्ग में चलने की प्रेरणा मिल रही है। महाराज ने कहा- हमारी आखिरी श्वास यदि राधा तो मुझे श्रीजी की प्राप्ति, भगवान की प्राप्ति हो जाएगी।

**विराट तीसरी बाद वृंदावन पहुंचे, जनवरी में दो बार प्रेमानंद महाराज से मिले** - विराट कोहली का वृंदावन का यह तीसरा दौरा था। इससे पहले वह 4 जनवरी 2023 और 10 जनवरी 2025 को वृंदावन आए थे। दोनों बार प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की थी।

**सोमवार को विराट ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया** - विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा था- टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे। विराट कोहली ने 123 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 30 शतक और 31 अर्धशतक बनाए। विराट ने 7 दोहरे शतक लगाए। 2017 और 2018 में वे टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गए।

# रोहित-कोहली के इस तरह टेस्ट से संन्यास लेने से खुश नहीं कुंबले

### बोले- उचित विदाई दी जानी चाहिए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे स्टार खिलाड़ी उचित विदाई के हकदार हैं। रोहित और कोहली ने पांच दिनों के अंदर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया जिससे इंग्लैंड दौरे से पहले भारत को दोहरा झटका लगा है। कुंबले ने इन दोनों दिग्गजों के इस तरह विदाई लेने पर हैरानी जताई और कहा कि रोहित-कोहली को इस प्रारूप से उचित तरीके से विदाई देनी चाहिए थी।

### कुंबले बोले- प्रशंसक समारोह का हिस्सा होना चाहते हैं

कुंबले ने बीसीसीआई से इस मामले में संज्ञान लेकर रोहित और कोहली को उचित विदाई देने की मांग की। कुंबले ने कहा, अभी कुछ दिन पहले रोहित शर्मा और फिर विराट कोहली। मुझे लगता है कि दोनों ही खिलाड़ी मैदान पर एक उचित विदाई के हकदार थे। मेरा दृढ़ विश्वास है कि जो लोग इन चीजों को देखते हैं, उन्हें इस पर ध्यान देना चाहिए। मुझे पता है कि यह सोशल मीडिया का युग है। प्रशंसक उस समारोह का हिस्सा होना चाहते हैं, वहां बहुत सारे प्रशंसक होते और जोरदार विदाई होती।

### इंग्लैंड दौरे को लेकर चिंता व्यक्त की

इसके अलावा, कुंबले ने आगामी इंग्लैंड दौरे को लेकर भी चिंता व्यक्त की क्योंकि रोहित और कोहली ने टीम में एक बड़ा अंतर पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा, रोहित ने संन्यास ले लिया है, वह कुछ समय तक कप्तान रहे थे और विराट शायद भारत के सबसे सफल कप्तान हैं और आप चाहते होंगे कि उनमें से कोई एक खिलाड़ी टीम में रहे। इंग्लैंड में मुकाबला कठिन होने वाला है, यह पांच टेस्ट मैचों की सीरीज है। मुझे लगता है कि चयनकर्ताओं को भी यह बात हैरान कर गई होगी। मुझे यकीन है कि चयनकर्ता उन्हें टीम में शामिल करने के बारे में सोच रहे होंगे।

भारतीय टीम अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इसके साथ ही टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अगले चक्र की शुरुआत करेगी। रोहित के संन्यास लेने के बाद भारत नए टेस्ट कप्तान की अगुआई में उतरेगा। रोहित और कोहली के बाद भारतीय टीम में अधिक अनुभवी खिलाड़ी नहीं होंगे और भारत को इंग्लैंड की चुनौती का सामना करना होगा।

# ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में छाए कोहली, उनसे भिड़ने वाली महिला पत्रकार ने संन्यास के बाद दी शुभकामनाएं

**सिडनी (एजेंसी)।** विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिये इस प्रारूप को अलविदा कहा। कोहली ने दुनिया के हर कोने में रन बनाए हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से उनकी प्रतिद्वंद्विता खास रही है। खासतौर पर कोहली ने ऑस्ट्रेलिया जाकर खूब रन बनाए हैं। यही वजह है कि जब भी वहां कोई सीरीज होती है तो ऑस्ट्रेलियाई मीडिया कोहली के नाम से प्रचार प्रसार करती है। वहां की मीडिया उनकी खूब तारीफ भी करती है। अब उनके टेस्ट से संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलिया के सभी अखबारों ने उनकी तारीफों के पुल बांधे हैं। इतना ही नहीं, जिस महिला पत्रकार से वह मेलबर्न एयरपोर्ट पर तस्वीर को लेकर भिड़े थे, उस पत्रकार ने खुद पोस्ट कर कोहली को शुभकामना संदेश दिया है।



**ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में छाए कोहली** - भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन से महानता हासिल की है और अब वह सफेद जर्सी पहनकर उनके गेंदबाजों को परेशान नहीं कर पाएंगे। इसकी खुशी ऑस्ट्रेलियाई मीडिया को जरूर होगी। सोमवार को कोहली ने अपने शानदार टेस्ट करियर से अलविदा कहा तो ऑस्ट्रेलिया के मुख्य अखबार 'दैनिक सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने इस भारतीय आइकन के बारे में कहा, ऑस्ट्रेलियाई लोगों को कोहली का अविश्वसनीय बल्लेबाजी कौशल और मैदान पर तीखे तेवर का संयोजन आकर्षित करता था जिससे कईयो को उसमें अपनी झलक दिखती।

**ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों को कोहली की प्रतिद्वंद्विता पसंद** - अखबार ने लिखा, कोहली की ऑस्ट्रेलिया में पहली सीरीज 2011-12 में थी जिसमें माइकल क्लार्क की अगुआई वाली टीम का प्रदर्शन एकतरफा रहा। 4-0 के स्कोरलाइन के बावजूद कोहली ने कई समकालीनों की तुलना में अधिक निडरता दिखाई और एडिलेड में शतक के साथ इसका समापन किया। एससीजी दर्शकों को अंगुली दिखाने के लिए उनकी आलोचना भी हुई। यह ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों के साथ लड़ाई की शुरुआत थी जो इस साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेटर के रूप में उनके अंतिम दिन समाप्त हुई जब उन्होंने उसी भीड़ को 'सैंडपेपर' का इशारा किया।'

**ऐतिहासिक जीत की भी याद दिलाई** - 'ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन' (एबीसी) ने भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में उनके सफल कार्यकाल पर प्रकाश डाला जिसमें ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक सीरीज जीत भी शामिल है। एबीसी ने लिखा, उनके टेस्ट करियर को 2014 से 2022 के बीच कप्तान के रूप में उनके कार्यकाल के लिए भी याद किया जाएगा जिसमें उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में से 40 में जीत दिलाई और इस प्रारूप में देश के सबसे सफल कप्तान बने तथा दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ (53) और ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (48) और स्टीव वॉ (41) के बाद जीत के मामले में चौथे स्थान पर रहे।न्यूज डॉट कॉम डॉट एयू में छपी खबर का शीर्षक विराट कोहली ने संन्यास की घोषणा करके 1.4 अरब दिलों को तोड़ दिया रहा। वहीं फॉक्स स्पोर्ट्स ने लिखा कि कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति से भारतीय बल्लेबाजी लाइन अप में खालीपन आ जाएगा।

**महिला पत्रकार ने भी कोहली को दी बधाई** - भारत के हालिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली मेलबर्न एयरपोर्ट पर महिला पत्रकार नैट योआनिडिस से भिड़ गए थे। ऑस्ट्रेलिआई पत्रकार कोहली की इजाजत के बिना उनके बच्चों की तस्वीर लेने की कोशिश कर रहे थे। कोहली अपने निजी जीवन को सुर्खियों से दूर रखना पसंद करते हैं। यही वजह है कि वह कई बार पत्रकारों को बच्चों वामिका और अकाय से दूर रहने के लिए कह चुके हैं। मेलबर्न में पत्रकारों को तस्वीर लेते देख वह भड़क गए थे। अब नैट ने इंस्टाग्राम स्टोरी में उनके साथ उसी विवाद की तस्वीर साझा की है। इसके कैप्शन में लिखा- विराट, एक बेहतरीन टेस्ट करियर के लिए आपको बधाई।

# पूर्व ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक कोहली के संन्यास से हैरान, लिखा- हम इस गर्मी में...

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद क्रिकेट जगत एक युग के अंत को स्वीकार कर रहा है। इस मौके पर न केवल खिलाड़ियों, विशेषज्ञों और प्रशंसकों, बल्कि वैश्विक स्तर पर राजनीतिक हस्तियों ने भी कोहली के योगदान को सराहा है। इनमें से एक प्रमुख नाम है ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जिन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कोहली के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की।



सुनक ने लिखा- यह दुखद है कि हम इस गर्मी में आईएम विराट कोहली को आखिरी बार मैदान पर नहीं देख पाएंगे। वह खेल के दिग्गज रहे हैं- एक शानदार बल्लेबाज, एक कुशल कप्तान और एक जबरदस्त प्रतिस्पर्धी, जिन्होंने हमेशा टेस्ट क्रिकेट के असली मूल्य को समझा।

कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। दिल्ली में जन्मे इस क्रिकेटर ने अपने 14 साल के टेस्ट करियर में 123 मैचों में 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक शामिल हैं। कोहली ने न केवल भारतीय क्रिकेट में फिटनेस और तीव्रता को नए सिरे से परिभाषित किया, बल्कि टी20 के बढ़ते दबदबे के दौर में टेस्ट क्रिकेट के प्रति जुनून को फिर से जगाया।

सुनक का यह संदेश कोहली के गहरे प्रभाव को दर्शाता है, खासकर इंग्लैंड में, जहां उन्होंने जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड जैसे गेंदबाजों के साथ यादगार और कड़ा मुकाबला किया।

2018 में एजबेस्टन में उनकी शानदार शतकीय पारी को आज भी याद किया जाता है, जिसने इंग्लिश परिस्थितियों में उनकी बल्लेबाजी को एक नया आयाम दिया।

## रोहित और विराट के 2027 वनडे विश्व कप में खेलने की उम्मीद नहीं : गावस्कर

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने वनडे करियर को आगे बढ़ाने के लिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को लगता है कि वे लंबे समय तक खेल सकते हैं, लेकिन उन्हें 2027 विश्व कप में दोनों के खेलने की उम्मीद नहीं है।



रोहित और विराट ने भारत के कैरेबियाई सरजमीं पर 2024 टी20 विश्व कप जीतने के बाद सबसे छोटे प्रारूप को अलविदा कह दिया था अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केवल वनडे में ही सक्रिय रहेंगे। रोहित 50 ओवर के खेल में तीन दोहरे शतकों के साथ सबसे महान बल्लेबाजों में से एक हैं जबकि कोहली ने वनडे प्रारूप में 51 शतक लगाए हैं। दोनों ही इस प्रारूप में काफी सफल हैं। फिर भी महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर को नहीं लगता कि रोहित और विराट के लिए 2027 विश्व कप में खेलना व्यावहारिक रूप से संभव है। गावस्कर ने कहा कि यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि चयनकर्ताओं को लगता है कि वे टीम में कितना योगदान दे सकते हैं।

गावस्कर ने कहा, वे खेल के इस प्रारूप में बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। फिर से, चयन समिति शायद 2027 विश्व कप को ध्यान में रखेगी। वे देखेंगे कि क्या वे 2027 विश्व कप के लिए टीम में शामिल हो पाएंगे। क्या वे उस तरह का योगदान दे पाएंगे जैसा वे दे रहे हैं? यह चयन समिति की विचार प्रक्रिया होगी। अगर चयन समिति सोचती है कि हाँ, वे कर सकते हैं, तो वे दोनों इसके लिए मौजूद होंगे।

गावस्कर ने कहा कि मौजूदा फॉर्म में रोहित और कोहली दोनों ही टीम में नहीं होंगे। उन्होंने कहा, नहीं, मुझे नहीं लगता कि वे खेलेंगे। मैं बहुत ईमानदार हूं। लेकिन, कौन जानता है, अगले एक साल में अगर वे शानदार फॉर्म में आ जाते हैं और अगर वे लगातार शतक बनाते रहते हैं, तो भगवान भी उन्हें नहीं हरा सकते। खराब फॉर्म के अलावा रोहित को अपनी फिटनेस से भी निपटना होगा, जिसके कारण मुंबई इंडियंस ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अधिकांश मैचों में प्रभावशाली विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया है। हालांकि कोहली के मामले में फिटनेस कोई चिंता का विषय नहीं है और वह आईपीएल में 11 मैचों में 505 रन बनाकर शीर्ष फॉर्म में दिख रहे हैं, लेकिन भारत में 2023 विश्व कप के बाद से उनका वनडे फॉर्म उतना अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 2027 विश्व कप में खेलने की इच्छा व्यक्त की है, यह देखना बाकी है कि वह अपने आप को बहुत कम खेल समय के साथ मैच के लिए फिट कैसे बनाए रखते हैं।

# अहमदाबाद में होगा आईपीएल का फाइनल

**● 17 मई से लीग फिर से शुरू होगी ● पाकिस्तान से तनाव के कारण 5 दिन पहले टूर्नामेंट रोका था**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 का फाइनल और क्वालीफायर 2 अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। लीग का फाइनल 3 जून को खेला जाना है। एक दिन पहले बीसीसीआई ने आईपीएल के बचे 13 मैच का शेड्यूल रिलीज किया था। लेकिन प्लेऑफ के वेन्यू डिसाइड नहीं किए थे।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक अहमदाबाद को 1 जून को होने वाला क्वालीफायर-2 और 3 जून को खेला जाने वाला फाइनल की मेजबानी के लिए चुना गया है। प्लेऑफ के वेन्यू नहीं बताने का एकमात्र कारण मौसम है।

बोर्ड शेड्यूल को अंतिम रूप देने से पहले देश भर में मानसून की गतिविधियों पर नजर रख रहा है। वेदर के मुताबिक अहमदाबाद में जून की शुरुआत में बारिश होने की संभावना नहीं है।

पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल सस्पेंड करना पड़ा था। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय युद्ध की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं।

| डेट | टीम-1 | टीम-2 | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 17 मई | RCB | KKR | बैंगलुरु |
| 18 मई | RR | PBKS | जयपुर |
| 18 मई | DC | GT | दिल्ली |
| 19 मई | LSG | SRH | लखनऊ |
| 20 मई | CSK | RR | दिल्ली |
| 21 मई | MI | DC | मुंबई |
| 22 मई | GT | LSG | अहमदाबाद |
| 23 मई | RCB | SRH | बैंगलुरु |
| 24 मई | PBKS | DC | जयपुर |
| 25 मई | GT | CSK | अहमदाबाद |
| 25 मई | SRH | KKR | नई दिल्ली |
| 26 मई | PBSK | MI | जयपुर |
| 27 मई | LSG | RCB | लखनऊ |

* डबल हेडर का पहला मैच दोपहर 3:30 बजे शुरू होगा। शेष मैच शाम 7:30 बजे से खेले जाएंगे।



### बेंगलुरु-कोलकाता मैच से होगी शुरुआत

17 मई को आरसीबी और केकेआर के बीच बेंगलुरु में पहला मैच होगा। जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद में बाकी मुकाबले खेले जाएंगे। 27 मई को लीग स्टेज खत्म होगा। 18 और 25 मई को रविवार के दिन 2 डबल हेडर खेले जाएंगे। यानी 11 दिन में लीग स्टेज के 13 मैच होंगे।

पंजाब और दिल्ली के बीच धर्मशाला में 8 मई को होने वाला मैच पाकिस्तान से हुए हमलों के बीच रोकना पड़ा था। यह मुकाबला अब 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। प्लेऑफ मुकाबलों का वेन्यू फिलहाल तय नहीं है। पहले हैदराबाद और कोलकाता में 2-2 प्लेऑफ मैच खेले जाने थे।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका टीमें घोषित

**● 11 जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा मुकाबला**

**● पैट कमिंस और टेम्बा बावुमा कप्तानी करेंगे**

**सिडनी (एजेंसी)।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के फाइनल मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की टीमों का ऐलान कर दिया गया है। यह मुकाबला 11 से 15 जून तक इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान पर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी पैट कमिंस करेंगे, जबकि टेम्बा बावुमा साउथ अफ्रीका की टीम को लीड करेंगे। ऑस्ट्रेलिया को डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद वेस्टइंडीज का दौरा करना है, जिसके लिए भी उनकी यही स्क्वॉड रहेगी। यह दौरा 25 जून से शुरू होगा। मंगलवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) द्वारा जारी टीम में ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन की टीम में वापसी हुई है। उन्होंने पीठ की चोट से पहले ग्रीन ने आखिरी बार मार्च 2024 में टेस्ट खेला था। वहीं, साउथ अफ्रीका में डोपिंग के कारण बैन झेल चुके कगिसो रबाडा को भी शामिल किया गया है।

**कंगारू टीम में कोंस्टास-हेजलवुड को मौका** - बीजीटी में भारत के खिलाफ डेब्यू करने वाले यंग सैम कोंस्टास को भी फाइनल टीम में जगह मिली है। इसके अलावा टीम में ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर ब्रेंडन डॉगेट को जगह मिली है। ब्रेंडन शेफील्ड शील्ड फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे।



**कमिंस-हेजलवुड ने आईपीएल से वापसी की** - टेस्ट टीम में कप्तान पैट कमिंस और साथी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी वापसी कर रहे हैं। दोनों प्लेयर्स चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से चूक गए थे और बाद में आईपीएल 2025 में वापसी की। हालांकि, हेजलवुड कंधे की चोट के कारण अपनी फेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। बाद में भारत-पाक तनाव की वजह से लीग सस्पेंड हो गई।

डब्ल्यूटीसी वेस्टइंडीज दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया का स्क्वॉड - पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, जोश इंग्लिस, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर, जोश हेजलवुड, मैट कुहनेमन, नाथन लियोन और स्कॉट बोलैंड। ट्रैवलिंग रिजर्व - ब्रेंडन डॉगेट।

डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए साउथ अफ्रीका का स्क्वॉड - टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंगहाम, कॉर्बिन बॉश, टोनी डी जोरी, मार्को यानसन, केशव महाराज, ऐडन मार्करम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, डेन पीटरसन, कगिसो रबाडा, रायन रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरेने।

# प्रेम-प्रसंग में बाधा बनने पर पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर रची पति के हत्या की साजिश, प्रेमी ने दिया वारदात को अंजाम

## आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, कपड़े एवं मोबाइल जप्त

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पवई श्री राजेन्द्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक जगतपाल सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा हत्या करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है ।




दिनांक 09/05/25 को फरियादी धर्मेन्द्र पटेल पिता नत्थूलाल पटेल निवासी ग्राम कोलकरहिया द्वारा थाना सिमरिया में रिपोर्ट की गई कि आज सुबह मेरा छोटा भाई जीतेन्द्र पटेल, बड़े राजा के खेत में मृत अवस्था में पड़ा मिला है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिमरिया में मर्ग कायम किया जाकर जाँच में लिया गया । मामला संदिग्ध प्रतीत होने से थाना प्रभारी द्वारा स्वयं घटना स्थल पहुँचकर वरिष्ठ अधिकारियों को घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। ने जाँच दौरान पुलिस टीम द्वारा किये गये घटनास्थल के निरीक्षण, शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं भौतिक साक्ष्यो के आधार पर मामला हत्या का प्रतीत होने से मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या का अपराध क्रमांक 187/25 धारा 137 (2) बी एन एस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया ।

मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को निर्देशित किया गया । गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुये मामले के अज्ञात आरोपियो की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये गये तथा ग्राम कोलकरहिया एवं आसपास के गाँवो के संदिग्ध व्यक्तियो से प्रकरण की घटना के संबंध मे लगातार पूँछताछ कर साक्ष्य संकलन किये गये । मामले में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर एक संदिग्ध व्यक्ति को ग्राम कोलकरहिया से पुलिस अभिरक्षा में लेकर घटना के सम्बंध मे सूझबूझ से पूछताछ की गई । पूँछताछ पर संदेही द्वारा अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया । मृतक जीतेन्द्र पटेल के संबंध में पूँछताछ किये जाने पर संदेही द्वारा बताया गया कि मेरा और मृतक की पत्नी कल्पना पटेल का प्रेमप्रसंग चल रहा था जिसकी जानकारी मृतक को लग गई थी ।

प्रेम प्रसंग की बात को लेकर मृतक आये दिन अपनी पत्नी से लडाई करता था । इसी वजह से मृतक की पत्नी द्वारा अपने पति को जान से मारने की योजना बनाई गई थी । घटना दिनांक को मैंने मृतक की पत्नी की योजना अनुसार गाँव के बडे राजा के खेत में जीतेन्द्र पटेल को शराब पिला कर कुल्हाडी से गले मे प्रहार करते हुये पत्थरो से सीने व चेहरे मे मारपीट कर चोट पहुँचाई थी एवं जो टी शर्ट मैं पहने हुये था उसी की बाँहो का फंदा बना कर जोर से जीतेन्द्र का गला दबा कर हत्या कर दी थी ।

पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी, घटना समय प्रयोग किये गये मोबाइल, घटना के समय आरोपी द्वारा पहनी हुई टीशर्ट एवं पेन्ट जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। अपराध सदर में दौरान विवेचना आरोपी ओमकार पटेल एवं आरोपिया कल्पना पटेल के विरूद्ध धारा 55(2), 61(क),238(क) बी एन एस की वृद्धि की गई । आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया है । सराहनीय योगदान में उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक जगत पाल सिह, प्रभारी सायबर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत, चौकी प्रभारी मोहन्द्रा उपनिरी स्मिता सिंह बघेल, सउनि पूर्णानंद मिश्रा, सउनि राघव पाण्डेय, प्रआर बृजेश सिंह, अश्विनी सिंह, गजेन्द्र उरमलिया, आर0 सुशील, श्याम सिह, संजय पटेल, नरेन्द्र, मआर रश्मि त्रिपाठी, पप्पी सोलंकी, पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से प्र.आर. राहुल सिंह बघेल, आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह राजावत, आर. राहुल पाण्डेय एवं नितिन नवराज का सराहनीय योगदान रहा पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है ।

## पक्षियों को दाना पानी के लिए सकोरे रखने कर रहे जागरूक

**पन्ना।** शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा के शिक्षक सतानंद पाठक गर्मियों में पक्षियों को दाना पानी की व्यवस्था के लिए सकोरे टांगने का काम कर रहे हैं। इसके लिए अन्य लोगों को भी जागरूक और प्रेरित कर रहे हैं। नारायणपुरा गांव की महिलाएं प्रतिदिन सकोरे भरने का कार्य करती हैं। विद्यार्थियों के सहयोग से पक्षियों के लिए घोसले भी तैयार कराए गए हैं। साथ ही बच्चों के घर भी सकोरे रखवाए गए। शिक्षक ने बताया कि पक्षियों को दाना पानी अभियान नाम से ग्रुप भी बनाया है। इससे आमजन भी सकोरा अभियान से जुड़कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। अब तक कई स्कूल, गांव, अस्पताल, शासकीय कार्यालय और बगीचों के पेड़ पर सकोरे स्थापित कर पक्षियों के लिए दाना पानी रखने की व्यवस्था बनाई गई है। सतानंद पाठक गांव की एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला से सकोरे क्रय पर प्रति वर्ष 300 से 400 सकोरे टांगने की व्यवस्था करते हैं। गत आठ वर्ष से हर साल गर्मी के मौसम में संचालित इस अभियान में आमजनों से भी जुड़ने का आग्रह किया गया है।

## कलेक्टर ने मझगांय बांध निर्माण के संबंध में बालूपुर के ग्रामवासियों से की चर्चा



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने अजयगढ़ क्षेत्र में निर्माणाधीन मझगांय बांध के अवरोध को दूर कराने के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ सोमवार को ग्राम बालूपुर में चौपाल के माध्यम से ग्रामवासियों से संवाद किया और समस्याएं सुनकर वर्षाकाल के पूर्व लगभग 400 मीटर में प्रभावित कार्य को पूर्ण करने के दृष्टिगत प्रभावित परिवारों से विस्थापित स्थल पर तत्काल शिफ्ट होने का आग्रह किया। जिला कलेक्टर ने विस्थापन स्थल पर बेहतर पहुंच मार्ग के लिए भी भरोसा दिया। उन्होंने ग्रामवासियों से चर्चा के दौरान कहा कि नियम मुताबिक प्रभावित परिवारों को उनके विकल्प अनुसार मुआवजा एवं पुनर्वास पैकेज की राशि प्रदान की गई है। इस वर्ष की बरसात में बांध में जल भराव का लक्ष्य है। इसलिए समय पूर्व शिफ्टिंग संबंधी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर लें। इस दौरान एसडीएम अजयगढ़ एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को अविलंब प्रभावित हितग्राहियों की समस्याओं के निराकरण सहित विशेष पैकेज के शेष मुआवजा वितरण व विशेष मांग का परीक्षण कर यथासंभव सहायता के निर्देश भी दिए।

उल्लेखनीय है कि गत माह जल निगम के प्रबंध संचालक के.व्ही.एस. चौधरी कोलसानी द्वारा भी जल जीवन मिशन की समूह नल जल परियोजना के कार्यों के निरीक्षण के दौरान बालूपुर गांव में विस्थापन कार्य में सहयोग तथा निर्माण कार्य में आने वाली बाधाओं की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए थे। मझगांय बांध से पन्ना जिले की दो समूह जल प्रदाय योजनाओं के माध्यम से तीन विकासखण्ड में पेयजल प्रदान किया जाएगा। इससे छतरपुर जिले को भी लाभ मिल सकेगा। मझगांय बांध के नहर कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा अपस्ट्रीम में स्थित बांध के फीडर कैनाल एवं स्लूज रेगुलेटर का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर एसडीएम आलोक मार्को, कार्यपालन यंत्री सतीश शर्मा, महाप्रबंधक जल निगम शिवम सिन्हा भी मौजूद रहे।

## श्री जुगल किशोर लोक बनाने को लेकर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही, लोगों की बढ़ी धड़कन

**पन्ना।** नगर में श्री जुगल किशोर लोक बनाने की तैयारी प्रशासन द्वारा की जा रही है उक्त लोक बनाने के लिए जगदीश स्वामी मंदिर से जुगल किशोर मंदिर तक सीधी रास्ता बनाई जा रही है जिसमें दो दर्जन से अधिक परिवारों के मकान भी उक्त रास्ता में आ रहे हैं जिन्हें प्रशासन द्वारा नगर पालिका के माध्यम से नोटिस दिए गए हैं तथा चिन्हित स्थानों पर तोड़फोड़ करने की तैयारी कर ली गई है उक्त मामले में राजस्व के दल द्वारा नाप जोक शुरू कर दी गई है किसका कितना



मकान टूटना है यह चिन्हित किया जा रहा है आगे देखना है पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाता है या फ़िर मन माने ढंग से तोड़फोड़ की जाती है यह प्रशासन के ऊपर निर्भर है क्योंकि पन्ना जिले में प्रशासन की मनमानी के खिलाफ कोई बोलने वाला नहीं है प्रशासन का काम इस जिले में मनमानी से चल रहा है किसी का भी मकान तोड़ दिया जाता है तथा उसकी वैधानिक सुनवाई भी नहीं की जाती है आगे देखना है इस मामले में भी क्या रुख अपनाया जाता है जबकि दूसरी ओर भू माफियाओं द्वारा शासकीय जमीन तालाबों धार्मिक स्थलों की जमीन है भी बेच दी गई है उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाती है

## कृषक पुष्पेन्द्र एवं प्रकाश की आय हुई दोगुनी

**पन्ना।** पन्ना जिले के ग्राम मनौर के किसान पुष्पेन्द्र कुशवाहा एवं प्रकाश मजूमदार ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की योजना और एकीकृत बागवानी मिशन का लाभ लेकर अपनी आय दोगुनी की है। इन किसानों ने परंपरागत खेती के स्थान पर आधुनिक तकनीक से सब्जी एवं फल उत्पादन प्रारंभ किया और आर्थिक रूप से सशक्त बने। साथ ही अन्य कृषकों के लिए भी सफलता की राह प्रशस्त की है। दोनों कृषक विभिन्न कृषि यंत्रों की सहायता से खेत की जुताई एवं बुवाई करते हैं। इसके अलावा फसल में कीट व्याधि से बचाव के लिए फेरोमेन ट्रेप एवं येलो ट्रेप जैसे उपाय भी किए हैं। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों से निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त कर समय समय पर कम पानी में बेहतर फसल उत्पादन के लिए जरूरी उपाय भी करते हैं।

## सिविल डिफेंस प्लान एवं शासन से जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं: मुख्य सचिव

**पन्ना।** देश की वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी जिलों में सिविल डिफेंस प्लान एवं शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। सिविल डिफेंस कार्यक्रम व्यवस्थित करें तथा सजगता और सतर्कता बरतें। मुख्य सचिव ने आपदा प्रबंधन की सभी तैयारियां दुरूस्त रखते हुए



वल्नरेबल क्षेत्रों का चिन्हांकन कर कार्ययोजनानुसार व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में सायरन की व्यवस्था हो ताकि आपात स्थिति में सायरन सभी को सुनाई दे। आपदा प्रबंधन की तैयारियों की संभागीय समीक्षा प्रति दिवस की जाएगी। मुख्य सचिव ने सिविल डिफेंस अधिनियम के तहत नागरिक सुरक्षा हेतु स्वयंसेवकों के नामांकन भर्ती के निर्देश देते हुए कहा कि उनका प्रारंभिक प्रशिक्षण कराएं ताकि आपदा प्रबंधन के समय इनकी उपयोगिता व भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत से 2 स्वयंसेवकों व प्रत्येक नगरीय निकाय वार्डों से 2 से 5 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स बनाए जाएं। इनमें भूतपूर्व सैनिकों, सीनियर एनसीसी के सदस्य, एनएसएस के सदस्य व निजी सुरक्षा एजेंसियों के लोगों को प्राथमिकता दी जाए।

गत रविवार को हुई वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र में कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं जिला सेनानी होमगार्ड उपस्थित रहे।

## करंट लगने से एक और व्यक्ति की मौत

**पन्ना।** जिले में करंट लगने से लगातार मौत हो रही हैं जिसका मुख्य कारण है बिजली विभाग द्वारा बिना किसी सुरक्षा उपकरण के कार्य कराया जा रहा है इसी प्रकार का मामला आजगढ़ थाना अंतर्गत छठवां मिल और सामने आया है जहां पर लाइट सुधारते समय प्रमोद कुशवाहा दर्दनाक मौत हो गई इसके पूर्व भी एक व्यक्ति की मौत हुई थी बिना किसी सुरक्षा उपकरण की प्राइवेट कर्मचारियों से बिजली खंभों पर काम कराया जाता तो लापरवाही व बरतीजाती हैं संबंधित मामले में बिंदु वार जांच कर कार्रवाई की मांग की

## करियर प्वाइंट कोचिंग क्लासेस में किया गया छात्र छात्राओं का सम्मान

### सकारात्मक सोच के साथ निरंतर कर्म करते रहने से ही मिलती है सफलता: संचालक

**पन्ना।** करियर प्वाइंट कोचिंग क्लासेज के छात्र-छात्राओं जिनका कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हाल ही में घोषित किया गया है जिसमें बच्चों की कड़ी मेहनत व संचालक अभिषेक सर के श्रेष्ठ मार्गदर्शन व सही दिशा में कराई गई तैयारी के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने बहुत ही बेहतर प्रदर्शन किया। कक्षा 10 वीं में जतिन तिवारी (96.4%)के साथ प्रथम स्थान, प्रशांत अरजरिया (91.8%) के साथ द्वितीय स्थान, मुस्कान चौरसिया(90.4%) के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।साथ ही रिजा राईन (90%), अंशिका सिंह (89.2%), आयुषी (87.6%%), अरुण (87.6%),अंशुल (85%), मोहिनी (84.4%), महक (84.2%) सारांश (83.4%), वैभव (83%) नमन (82.6%), हिमांशु (81.4%), प्रिंस सेन (81%), संगम(79.2%), विनीत (78त्र) निखिल (76%),वैष्णवी(76%) व गौरव शर्मा ने [72.6%] अंक प्राप्त किए। वही कक्षा 12 वीं में दीक्षा परमार (81%) ,शुमाइला सिद्दीकी (74%) व रक्षा चौबे ने 71% अंक अर्जित किए।छात्र छात्राओं की इस उपलब्धि पर संचालक अभिषेक व शिक्षिका दीपिका ने बच्चों को ढेर सारे उपहार ट्रॉफी आदि देकर बच्चों को सम्मानित किया। और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## युवा संगम रोजगार मेला में 81 आवेदक चयनित

**पन्ना।** तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा गत दिवस शासकीय आईटीआई पन्ना में आयोजित जिला स्तरीय एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला में 6 कंपनियों में साक्षात्कार के माध्यम से 81 आवेदकों का चयन किया गया है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कुल 145 आवेदकों द्वारा मेले में पंजीयन कराया गया था। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेला में अहमदाबाद की टेनेको ऑटोमोटिव प्रा.लि. एवं जबलपुर की प्रथम एजुकेशन टू व्हीलर में 20-20 आवेदकों का चयन हुआ, जबकि एलआईसी पन्ना में 8, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस पन्ना में 17, एसबीआई आरसेटी पन्ना में 6 तथा आईपीएस ग्रुप रीवा में 10 आवेदक चयनित किए गए हैं।

## अंजलि ने किया नाम रोशन, हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट अंक किए प्राप्त



**पन्ना।** शासकीय कन्या हाई स्कूल मोहंद्रा में कक्षा दसवीं में अध्ययन रत छात्रा अंजलि कोरी ने 500 अंकों में 478 अंक प्राप्त करते हुए 95%अंक प्राप्त किए हैं अंजलि के पिता मुन्ना लाल शिक्षकहैं उनकी मां सरोज कोरी ग्रहणी है बड़े परिश्रम सेउन्होंने अपनी बिटिया को पढ़ाया है माता-पिता का कहना है कि हम बच्ची की पढ़ाई में कोई कसर नहीं रखेंगे जिससे हमारी बिटिया आगे जाकर बड़ी सफलता प्राप्त करें उक्त सफलता उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत तथा लगातार संघर्ष से प्राप्त की है अंजलि ने मोहंद्रा कन्या हाई स्कूल सहित पूरे जिले में नाम रोशन किया है अंजलि की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक शिक्षकायो माता-पिता परिवार जनों रिश्तेदारोंने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है

## अनियमित रूप से खड़ी होने वाली बसो पर की गयी कार्यवाही



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना सिंह चौहान व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक नीलम लक्षकार एंव अपनी यातायात टीम के साथ विशेष अभियान चलाया जाकर बस स्टैण्ड , अस्पताल तिराहा , डायमण्ड चौराहा , ब्लॉक तिराहा पर अनियमित तरीके से खडी कर यात्री को उतार, चढाने वाली 12 बसो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर 14000 / - रूपये जुर्माना बसूला गया । तथा साथ ही सभी बस चालक, परिचालको को हिदायत दी गयी की बस स्टैण्ड जाने वाली बसे ब्लॉक तिराहा से बी.टी.आई. तिराहा होते हुए बस स्टैण्ड पहुँचेगी तथा बस स्टैण्ड से निकलने वाली बसे बैनीसागर तिराहा, अस्पताल तिराहा होते हुए निकलेगी

## बीस वर्षों से अंधेरे में रह रहे ग्रामवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**पन्ना।** जहां एक ओर केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा विकास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी हकीकत कुछ और है आज भी 20 वर्षों से लोग अंधेरे में रहने के लिए मजबूर है प्रतिवर्ष ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपए आते हैं लेकिन उक्त राशि कहां खर्च कर दी जाती है इसका कोई हिसाब किताब नहीं है ग्राम पंचायत में फर्जी बाल वाउचर बनाकर करोड़ों की राशि जिम्मेदार सरपंच सचिव उपयंत्री डकार रहे हैं इसी प्रकार अन्य विभाग के अधिकारी भी सुविधा देने के नाम पर सिर्फ कागजों पर काम कर रहे हैं यही कारण है कि अनेक ग्राम आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है रैपुरा तह सील। की ग्राम टिकरिया का हाल है जहां पर अधिकांश आदिवासी परिवार रहते हैं उनका कहना है कि 20 वर्ष से हम लोग अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं आई

रैपुरा और मोहन्द्रा मुख्य सड़क मार्ग से 6.5 किलोमीटर बीच जंगल में बसे पूर्णत: आदिवासी आबादी वाले गांव टिकरिया में पिछले बीस से पच्चीस वर्षों से बिजली नहीं है। न तो आज तक इस गांव में पक्की सड़क बन सकी है। हम रविवार को रैपुरा से मोहन्द्रा के बीच आदिवासी अंचल होते हुए इस क्षेत्र के सबसे पिछड़े गावो में से एक टिकरिया पहुंचे थे। मुख्य सड़क मार्ग से उतरते ही बीच जंगल में मुरूम से बनी कच्ची सड़क पर आ गए। जहां सड़क में दो दो फीट के भयानक बड़े बड़े गड्ढे थे। इस सड़क पर बाइक चलाना भी मुश्किल था। 6.5 किलोमीटर चलने के बाद हमे आदिवासी गांव







टिकरिया मिलता है। गांव के बाहर बैठे कुछ युवा एवं महिलाओं को देखकर हम सीधे उनके पास पहुंच गए। अपना परिचय देने पर घर के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला ने बताया कि गांव में लगभग बीस से पच्चीस वर्षों से बिजली नहीं है। न ही मुख्य सड़क मार्ग से कस्बे तक आने के लिए पक्की सड़क। कहती है कि कोई बीमार हो जाए तो एम्बुलेंस भी बमुश्किल ही पहुंची है। बारिश में तो पैदल भी नहीं जा सकते। इसलिए मोहन्द्रा के लिए शॉर्टकट रास्ता अपनाते है और पूरा पहाड़ पैदल ही उतर जाते हैं।

पिछले चुनाव में गांव के लोगों ने चुनाव का बहिष्कार किया तो गांव में कलेक्टर सहित पवई विधानसभा के विधायक भी आए और कहा कि वोट डालिए हम यहां बिजली पानी एवं रोड की व्यवस्था करेंगे। रोजगार के लिए मुर्गी पालन एवं बकरी पालन के अवसर उपलब्ध कराने के वादे किए तब जाकर गांव के लोगों ने वोट डाले। एक साल हो गए लेकिन कोई दोबारा सुध लेने नहीं आया। न प्रशासन से कोई अधिकारी आए न तो कोई राजनेता।

गांव के लोग बताते हैं कि पिछले तीस वर्षों से गांव में बिजली नहीं हैं। गांव के लोग आग जलाकर उजाला करते हैं तब भोजन कर पाते हैं। कहते हैं 1990 के आसपास बिजली गांव आई तब चार से पांच वर्ष बिजली रही उसके बाद कुछ खंभे गिर गए तबसे किसी ने ठीक ही नहीं किए। तबसे आज पूरा गांव अंधेरे में ही है। अगर घरों में गेहूं पिसाने की जरूरत है तो उसे 18 किलोमीटर दूर मोहन्द्रा ही जाना पड़ता है। कहते हैं वन विभाग ने छह सोलर लाइट लगवाई है जिससे थोड़ी देर उजाला हो जाता है। वह भी अगर धूप अच्छी है तो। नहीं तो फिर वहीं अंधेरे के सहारे।

गांव वाले बताते हैं आज तक हमारे गांव में पक्की सड़क नहीं बनी। गांव वाले रोजमर्रा की चीजों के लिए वह 18 किलोमीटर दूर मोहन्द्रा या 35 किलोमीटर दूर रैपुरा पर निर्भर हैं। परंतु दोनों का पहुंच मार्ग अर्थात मुख्य मार्ग गांव से 6.5 किलोमीटर दूर है। जिसमें दो दो फीट के गड्ढे हैं। कच्ची सड़क है जो बारिश में बंद हो जाती है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, बुधवार 14 मई 2025



जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। जिले के गंगेव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रामपुर बुड़वा में जल सम्मेलन आयोजित किया गया। उसी अवसर का दृश्य।




# आपात स्थिति में सुरक्षा तथा बचाव कार्य के लिए पूरी तैयारी रखें : कलेक्टर

## नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में मॉकड्रिल करें : पुलिस अधीक्षक

**रीवा।** आपातकाल में नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में तैयारियों की बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि शासन द्वारा आपात स्थिति में राहत और बचाव कार्य तथा नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों का पालन करते हुए जिले भर में आपात स्थिति में सुरक्षा तथा बचाव कार्य के लिए पूरी तैयारी रखें। आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी व्हाट्सऐप के माध्यम से एक-दूसरे से संपर्क में रहें। आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बना दिया गया है। इसमें महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध कराते रहें। दुश्मन देश द्वारा आक्रमण की स्थिति में नागरिकों को बड़ी बस्तियों से दूर सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए स्थलों का निर्धारण कर लें। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी तरह की आपाति स्थिति आने पर सीमेंट कटर मशीन,



जेसीबी, क्रेन जैसे उपकरणों की तत्काल आवश्यकता होती है। जिन व्यक्तियों के पास ऐसे उपकरण उपलब्ध हैं उनकी सूची जिला और तहसील स्तर तक बना लें। सभी एसडीएम अस्पताल में आपात स्थिति में किए जाने वाले उपचार प्रबंधों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिले भर में सिविल डिफेंस वालेंटियर बनाकर उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में वालेंटियर्स को राहत, बचाव तथा प्राथमिक उपचार की पूरी जानकारी दें। महत्वपूर्ण फोन नम्बरों और आवश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारियों के नंबरों की सूची इन्हें उपलब्ध कराएं। जिला कमांडेंट होमगार्ड वालेंटियर्स के प्रमुख कार्यों का पम्पलेट बनाकर इसका वितरण कराएं। सभी एसडीएम एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, विद्युत स्टेशन, सोलर पावर स्टेशन सहित सभी महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करें। बैठक में कलेक्टर ने सार्वजनिक व्यवस्था, खाद्य पदार्थों के भण्डारण, वाहन व्यवस्था, अग्निशमन सेवा तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने कहा कि नागरिक सुरक्षा के लिए शासन के निर्देशों के अनुरूप जिला स्तरीय प्लान तैयार कर लिया गया है। इसमें संबंधित विभागों को निर्धारित कार्यों के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। किसी भी तरह की आपात स्थिति आने पर सभी विभाग समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। नागरिकों की सुरक्षा के लिए एयरपोर्ट, सोलर पावर प्लांट, टोंस जल विद्युत केन्द्र जैसे प्रमुख स्थलों पर मॉकड्रिल अनिवार्य रूप से करें। सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों तथा सैनिकों को भी वालेंटियर्स के रूप में शामिल करें। प्रत्येक गांव में सरपंच अथवा अन्य एक-दो जिम्मेदार नागरिकों के फोन नम्बर लेकर उसे व्हाट्सऐप ग्रुप में शामिल करें जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी आपात स्थिति में महत्वपूर्ण सूचनाएं तत्काल दी जा सकें। आदतन अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। इनके विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। बैठक में एडीएम श्रीमती सपना त्रिपाठी ने आंतरिक सुरक्षा और आपदा के समय नागरिकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए प्लान की बिन्दुवार जानकारी दी। एडीएम ने कहा कि प्लान में सौंपी गई जिम्मेदारी के अनुसार सभी अधिकारी अपनी भूमिका निभाएं। संचार माध्यमों और सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, सभी एसडीएम, एसडीओपी, टीआई तथा तहसीलदार उपस्थित रहे।

# श्रमोदय आदर्श आईटीआई में प्रवेश के अवसर

**रीवा।** श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रिया अग्रवाल श्रमपदाधिकारी ने बताया कि संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट के लिये दो वर्षीय पाठयक्रम तथा फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन आयओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठयक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन किये जा सकते हैं। वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है जबकि शेष सभी सात पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आईटीआई में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाहय में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

# युवा संगम कार्यक्रम 16 मई को मऊगंज में आयोजित

**रीवा।** मऊगंज के शासकीय शहीद केदारनाथ स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज में 16 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 6 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में शक्ति पंप इंडिया लिमिटेड पीथमपुर, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा तथा डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बना

**रीवा।** भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर चलाये जाने को ध्यान में रखते हुए नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 के तहत जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम शुरू किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे खुला रहेगा। कंट्रोल रूम का फोन नंबर 07662-255143 है।

# कलेक्टर मऊगंज ने गोरमा डैम की सुरक्षा के लिए जारी किए आदेश

## गोरमा डैम की परिधि में ड्रोन कैमरे उड़ाना प्रतिबंधित

**रीवा।** वर्तमान परिस्थितियों तथा शासन के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 एवं ड्रोन नियम 2021 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार मऊगंज जिले की हनुमना तहसील की ग्राम पंचायत बिझौली शुक्लान में स्थित गोरमा डैम की एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी तरह का ड्रोन, फ्लाई कैमरा अथवा इसी तरह के अन्य उपकरणों का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिगत तामीली संभव नहीं है इसलिए विभिन्न संचार माध्यमों तथा समाचार पत्रों के माध्यम से आमजनता को अवगत कराया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मऊगंज तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आदेश का समुचित प्रचार-प्रसार तथा पालन सुनिश्चित करें।

# जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की हुई सुनवाई

**रीवा।** प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट में विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की गई। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने 63 आवेदकों की समस्यायें सुनी गईं। संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय एवं संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में अशोक कुमार निवासी ब्यौहरा ने खसरा में भूमि स्वामी का नाम दर्ज करने, फूल नं. 2 के निवासी



नंद किशोर शुक्ला ने नामांतरण करने तथा घोघर वार्ड क्रमांक 34 निवासी भारती कुशवाहा ने पैतृक घर के सीमा विवाद का निराकरण करने का आवेदन दिये जिन्हें संबंधित तहसीलदारों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। डेल्ही मनगवां के उमाशंकर शुक्ला के रास्ता से अतिक्रमण हटाने तथा डीहा निवासी गणेश साकेत के स्वामित्व भूमि पर अवैध पक्का निर्माण पर रोक लगाने के आवेदनों को संबंधित तहसीलदारों को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में टीकर निवासी अरूण कुमार कुशवाहा के सीमांकन करने के आवेदन को नायब तहसीलदार गोविंदगढ़ को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। जबकि सुमेदा निवासी पारसनाथ सिंह एवं इटौरा निवासी रामनाथ मिश्रा के भूअर्जन का मुआवजा दिलाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया जिन्हें भूअर्जन अधिकारी को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इन्द्रपाल विश्वकर्मा निवासी खाम्हाडीह चौड़ियार के सीमांकन करने के आवेदन को तहसीलदार गुढ़ को तथा शाहपुर निवासी प्रदीप कुमार मिश्रा के खसरा सुधार के आवेदन को एसडीएम सिरमौर को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। भटलो निवासी अजय द्विवेदी ने निजी भूमि में सेतु निर्माण कार्य को रोके जाने का आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कार्यपालन यंत्री सेतु निर्माण को परीक्षण कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

# कलेक्टर ने आपातकालीन व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**रीवा।** वर्तमान परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने राहत और बचाव कार्य के लिए अधिकारी तैनात किए हैं। आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय प्लान बनाकर अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत जारी आदेश के अनुसार आयुक्त नगर निगम को सेवा क्षेत्र का नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्हें वालेंटियर्स की नियुक्ति और प्रशिक्षण, अग्निशमन दल, शेल्टर होम, राहत शिविर तथा आमजनता को सूचना देने के लिए पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है। आपातकालीन वायरलेस तथा मोबाइल संचार व्यवस्था एवं कम्युनिकेशन प्लान के लिए जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला सेनानी होमगार्ड को राहत और बचाव के लिए आवश्यक उपकरण, सिविल डिफेंस प्लान तैयार करने तथा वालेंटियर्स के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। आपातकाल में उपचार व्यवस्थाओं एवं दवाओं की आपूर्ति के लिए डीन मेडिकल कालेज और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है। कलेक्टर ने आपातकाल में परिवहन व्यवस्था के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को जिम्मेदारी दी है। खाद्यान्न भण्डारण तथा आपूर्ति के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला प्रबंधक वेयरहाउस एवं जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम तथा पेयजल की आपूर्ति की लिए कार्यपालन यंत्री पीएचई को जिम्मेदारी दी गई है। पशुओं के उपचार, मृत पशुओं के निस्तारण तथा गौशालाओं की निगरानी के लिए उप संचालक पशुपालन को प्रभारी बनाया गया है। जिला जनसम्पर्क अधिकारी को ब्लैक आउट प्रोटोकाल के अनुसार आमजनता को जागरूक करने, गलत और भ्रामक समाचारों का खण्डन करने तथा महत्वपूर्ण सूचनाओं और निर्देशों का प्रचार-प्रसार करने की जिम्मेदारी दी गई है।

## टीएल बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 14 मई को टीएल बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित की गयी है। बैठक में सभी जिला अधिकारियों को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं। टीएल बैठक में संबंधित एसडीएम, जनपद के सीईओ तथा तहसीलदार गूगल मीट के माध्यम से एक ही स्थान से जुड़ेंगे।

# मऊगंज में कंट्रोल रूम शुरू

**रीवा।** आपात स्थिति में आवश्यक जानकारियों के आदान-प्रदान तथा विभिन्न विभागों में समन्वय के लिए मऊगंज कलेक्ट्रेट में जिला कंट्रोल रूम शुरू हो गया है। इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे खुला रहेगा। इसका फोन नम्बर 07663-292975 है। कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता को दी गई है। उन्हें सहयोग देने के लिए सहायक प्रभारी के रूप में एएफओ जसराम जाटव को तैनात किया गया है। कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट की खाद्य शाखा में स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक सहकारी निरीक्षक ओपी श्रीवास्तव तथा कम्प्यूटर आपरेटर विशाल तिवारी तैनात रहेंगे। दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक सहकारी निरीक्षक मुन्नालाल साकेत तथा अमरदीप मिश्रा एवं रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक एसएडीओ अरूण इंग्ला तथा उपयंत्री प्रेमलाल तैनात रहेंगे। कंट्रोल रूम में रिजर्व ड्यूटी के लिए एसएडीओ उमेशचन्द्र हतागले तथा एसएडीओ सुरपाल चौहान को तैनात किया गया है। कंट्रोल रूम में प्राप्त सूचनाएं प्रतिदिन पंजी में संधारित की जाएंगी।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 9 रोजगार सहायकों को दिया नोटिस

**रीवा**

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत रीवा के 9 लापरवाह ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस दिया। जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल जल संरक्षण के कार्य मे रूचि न दिखाने तथा 12 मई को आयोजित समीक्षा बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर नोटिस दिया गया है। नोटिस का 16 मई तक संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार ग्राम रोजगार सहायक शुभम तिवारी ग्राम पंचायत जिउला, प्यारेलाल साकेत ग्राम पंचायत डिहिया नरसिंगपुर, श्रीमती अंजू सिंह ग्राम पंचायत पड़िया तथा श्रीमती वंदना शुक्ला ग्राम पंचायत नौवस्ता को नोटिस दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम रोजगार सहायक श्रीमती श्रद्धा पाण्डेय ग्राम पंचायत शिवपुरवा 601, लोकनाथ यादव ग्राम पंचायत सुपिया, श्रीमती नीतू कुशवाहा ग्राम पंचायत करहिया नम्बर एक, रजनीश पाठक ग्राम पंचायत बम्हौरी तथा जितेन्द्र रावत ग्राम पंचायत पुरैनी को कारण बताओ नोटिस दिया है।

# भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित रखने के लिए जल संरक्षण अनिवार्य है : सांसद

**रीवा।** जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ जल सम्मेलन और सफाई करके आमजनता को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले के गंगेव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रामपुर बुड़वा में जल सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि मानव सभी जीवों एवं वनस्पतियों के जीवन का आधार पानी है। प्रकृति ने हमें असीमित पानी प्रदान किया है। लेकिन जल संरक्षण पर ध्यान न देने और पानी की लगातार बरबादी से हमारे सामने पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। समय रहते जल संरक्षण के उपाय करें। हर व्यक्ति पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करे। यदि हमें भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित रखना है तो जल संरक्षण करना अनिवार्य है। खेती में सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर और ड्रिप इरिगेशन का उपयोग करें। नहाने तथा आम निस्तार में भी पानी का सोच-समझकर उपयोग करें। वर्षा के पानी को हर खेत और हर गांव में सहेजने का प्रयास करें। पानी के बिना पृथ्वी पर जीवन नहीं रहेगा। जल सम्मेलन का आयोजन ग्राम पंचायत रामपुर बुड़वा तथा जन अभियान परिषद द्वारा किया गया।

समारोह में सांसद ने कहा कि प्रशासन जल संरक्षण के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। हर आमजनता भी इनमें भागीदारी निभाए। सांसद श्री मिश्र ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा चलाए गए आपरेशन प्रखर की प्रशंसा करते हुए कहा कि



आपरेशन प्रखर के कारण रीवा संभाग के 66 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट सूची में स्थान बनाया है। सम्मेलन में विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री जी के नेृत्व में पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया है। जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हर व्यक्ति जल संरक्षण कार्यों में श्रमदान करके इस अभियान में अपना योगदान दे। सबके सहयोग से ही जल संरक्षण का उद्देश्य पूरा होगा। गांव में पर्याप्त पानी रहने पर ही समृद्धि आएगी। सम्मेलन में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि हमारे पुरखों ने नदियों और जलाशयों को पवित्र मानकर उनकी पूजा की। पूर्वजों को जल संरक्षण का महत्व मालूम था। वृक्षारोपण और जल संरक्षण के कार्य को सबसे बड़ा पुण्य माना जाता था। हमारे पुरखों ने जो जल संचय किया उसका सुख हमारी पीढ़ी को मिला है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि जल संरक्षण की परंपरा को बनाए रखते हुए वर्षा जल को धरा में अधिक से अधिक भण्डारित करने का प्रयास करें। छोटे-छोटे कार्यों और प्रयासों से जल संरक्षण का बड़ा उद्देश्य पूरा होगा। धरा में जल भण्डार समृद्ध हुए तभी हम सबका जीवन सुरक्षित रहेगा। हर व्यक्ति अपने गांव के जल स्त्रोतों और नदी नालों के उद्गम स्थलों की साफ-सफाई में योगदान करे।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों तथा अभियान के तहत जिले भर में किए जा रहे जल संरक्षण के कार्यों की जानकारी दी। जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने नदी के प्राचीन उद्गम गौरीकुण्ड के जीर्णोद्धार और नदी को सदैव प्रवाहमान बनाए रखने के लिए आमजनों से सहयोग का आहवान किया। जल सम्मेलन के बाद सांसद, विधायक, कमिश्नर, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं आमजनों ने बकचा नदी के गौरी कुण्ड झिरिया की साफ-सफाई में श्रमदान किया। बारहमासी नाले में स्टापडैम की मरम्मत और बोरी बांध बनाने का कार्य भी किया गया। जल सम्मेलन में ग्राम पंचायत के सभी अतिथियों को जल गंगा संवर्धन अभियान में योगदान देने के लिए शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833